Indian Traditions in Linguistics

भारतीय भाषाशास्त्र की परम्परा

RADHAVALLABH TRIPATHI
• ACHYUTANAND DASH

Indian Linguistics has its inception in the Vedic period and ever since, a vast literature on the theories of Word and Meaning was produced in Sanskrit. The papers presented in this volume attempt an indepth study of the vast gamut of Sastric Learning in Indian Linguistics and investigate its relavance in the light of modern Linguistics.

The papers in this volume are on various issues like the essential nature of the language, Phonetics & Phonology, Morphophonemic study, Semantics, case-theory, Syntactic Deviance, Varna-sphota, theories on the relation of word & meaning, Stylistics and Computational Linguistics. These papers bring out a world view of Linguistic theories.

Rs. 200

INDIAN TRADITIONS IN LINGUISTICS

(Procceedings of U.G.C. National Seminar)

भाषाशास्त्र की भारतीय परंपरा

EDITED BY

Dr. Radhavallabh Tripathi
Dr. Achyutanand Dash

PRATIBHA PRAKASHAN
DELHI

Published under the authority of
Dr. Harisingh Gour University, Sagar.

First Edition, 1993

Price : Rs.200.00

ISBN : 81 - 85 268 - 22 - 3

Published by :
Pratibha Prakashan,
(Oriental Publisher & Booksellers)
29/5, Shakti Nagar,
DELHI 110 007

Laser Typesetting By:
Compu-Media-The D.T.P. People,
43, Banglow Road, Kamla Nagar, Delhi-110 007.
Ph. 2911869

To

The Memory of

Dr. PRATAPCHANDRA

PREFACE

The present work comprises some of the papers presented in the National Seminar on the 'Tradition of Linguistic Thought in Sanskrit' held under the auspices of the Department of Sanskrit, Doctor Harisingh Gour University, Sagar, from 8th to 10th October, 1990. Researches on linguistics, in modern times, have been carried on extensively at every corner of the academic world. But study on linguistics in India started right from the Vedic period and a vast literature on this subject is available in Sanskrit Śāstric tradition. This seminar aimed at making an indepth study of the vast gamut of Śāstric learning in Indian linguistics and investigating upon its relevance to the modern linguistics.

The papers in this volume are on various issues, like, the Essential Nature of the Language, Phonetics and Phonology, Morphophonemic Study, Semantics, Case-theory, Syntactic Deviance, Varṇa-sphoṭa, Theories on the relation of word and meaning, and Stylistics and Computational Linguistics. These papers bring out a world-view of linguistic theories.

Some papers have been translated from Sanskrit to English with a view to circulate their contents for larger readership. We are conscious of the limitations of this humble effort, which merely touches the fringes of a very potential subject, but we do hope that this volume will open the enormous possibilities of studies and researches in the field of linguistics and it will also extend the frontiers of traditional Indian linguistics.

- Editors

CONTENTS

1

ऋग्वैदिक वाक् की अवधारणा

डॉ. राधावल्लभ त्रिपाठी

"भाषा सीखने के लिए, बच्चे के पास, प्राथमिक भाषायी सामग्री मिलने पर, समुचित व्याकरण बनाने की कोई विधि अवश्य होती होगी। भाषा-अधिगम के पूर्वनिर्धारक के रूप में उसके पास प्रथमतः एक भाषा सिद्धांत होता होगा, जो संभाव्य मानवभाषा के व्याकरण के रूप को विनिर्दिष्ट करता है, और, द्वितीयतः प्राथमिक भाषा-सामग्री के संगत व्याकरण के समुचित रूप को चुनने की कोई पद्धति होगी।"

(चाम्स्कीः १९७५, पृ. २२)

१. चाम्स्की ने हमारी शताब्दी में भाषा में निहित नैसर्गिक व्यवस्था, भाषागत सार्वभौम नियमों तथा उसे सीखने वाले बच्चे में उनका 'अंतर्निहित ज्ञान' होने की चर्चा उठायी है। चाम्स्की की ये मान्यताएं उन्हें एक अर्थ में वाक् की उस अवधारणा के निकट ले जाती हैं, जिसका प्रस्थान बिंदु ऋग्वेद है। वाक् किसी भाषाविशेष का रूप न होकर इस परंपरा में संपूर्ण मानवभाषा का परमतत्त्व है, जिसकी एक परिणति भाषाविशेष में संभाव्य है। वैदिक ऋषि जहां वाक् रूपी मूल तत्त्व से सारी भाषा-व्यवस्था के निःसृत होने की बात करते हैं, तो चाम्स्की इसके व्युत्क्रम में चलते हुए भाषा विशेष को सीखने के लिये 'सार्वभौम भाषानियमों या संभाव्य मानवभाषा' की बात करते हैं।

२. वैदिक वाङ्मय में ब्रह्म, प्रजापति तथा वाक्-ये तीनों संज्ञाएं अनेकत्र पर्याय के रूप में प्रयुक्त हैं। और ऋग्वेद तथा अन्य वैदिक संहिताओं में ब्रह्म शब्द स्तोत्र या सूक्त के अर्थ में भी व्यवहृत हैं (द्र. ऋ., १.२४.११, २. २.७, १०.६६.१२, १०.६५.१४; वाज. संहिता; १८,४९)। इस ब्रह्म की जननी वाक् है। वही इसकी नियामिका भी है। वाक् भाषिक सर्जना की मूल शक्ति है। इस दृष्टि से उसे त्वष्टा या प्रजापति भी कहा गया है। 'वाग् वै त्वष्टा.....' यह वाक्य ब्राह्मण-ग्रंथों में बार-बार दोहराया गया है।

अपने मूल रूप में यह वाक् अद्वैत चैतन्य-रूपिणी है। यह जगत् की आरंभक और आविष्कारक भी है। वाक्-सूक्त में वाक् देवता के द्वारा कहलाया गया है-

अहमेव वाता इव प्रवामि ।
आरभमाणा भुवनानि विश्वा ।।

(ऋ., १०.१२५.२)

३. वाक् मनुष्य के भीतर सर्जना की शक्ति के रूप में अंतर्निहित है, और वही उसके सर्वोच्च को व्यक्त, कराने में उपादान बनती है । उसका सर्वोत्तम गुहा में निहित है-यदेषां श्रेष्ठं यदरिप्रमासीत् प्रेणा तदेषां निहितं गुहाविः (ऋ., १०.७१.१) । इसी गुहा को आगे चल कर वैयाकरण- दर्शन ने 'परा वाक्' की संज्ञा दी ।

वैदिक द्रष्टा वाक् को यदि मनुष्य की भाषागत सर्जना के उत्स के रूप में देखते हैं, तो इस सर्जना-व्यापार की प्रक्रिया पर भी वे विचार करते हैं । यह सर्जना-व्यापार मनुष्य के मन में होता है । इसके आरंभ के सोपानों में एक अर्थ में सर्जक तथा सर्जना-व्यापार में अभेद है । इसीलिए वैदिक द्रष्टा कहते हैं कि वाक् के चार पदों में से तीन तो 'गुहा' में है, केवल तुरीय या अंतिम चरण का ही व्यवहार मानव जाति करती आयी है-

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि
तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः ।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति
तुरीयं वाचं मनुष्या वदन्ति ।।

(ऋ., १.१६४.४५)

सायणाचार्य ने इस मंत्र के भाष्य में वाक् के चार पदों से आशय परा, पश्यंती, मध्यमा तथा वैखरी--वाणी के इन चार रूपों से लिया है । अथर्ववेद में वाक् के संबंध में उसके क्रमिक अभिव्यक्ति के सापोनों की इन अवधारणाओं को और स्पष्ट करते हुए बताया है कि वाणी के तीन रूप तो अंतर में स्थित हैं, उनमें से एक घोष-रूप बनकर बाहर आता है-

शिवास्त एका अशिवास्त एका
सर्वा बिभर्षि सुमनस्यमानाः ।

तिस्रो वाचो निहिता अन्तरस्मिन्
तासामेका निपपात घोषम् ॥
(अथर्व., ९.४३.१)

वाक् के जो प्रथम तीन चरण मनुष्य के चैतन्य में अनुस्यूत रहते हैं, उनमें विचार और शब्द का विभाजन प्रतीयमान नहीं होता । यह विभाजन तो वाक् के चतुर्थ रूप, वैखरी, वाणी-में ही प्रतीत होता है । पर विचार और शब्द के बीच क्रम अवश्य पहले के तीनों चरणों में भी रहता है । परमार्थतः वैदिक मनीषियों की दृष्टि में वाक् अखंड है, तो उसमें शब्द और अर्थ के बीच विभाजन की धारणा काल्पनिक ही हो सकती है। व्यवहार के स्तर पर हमें यह विभाजन स्वीकार करना पड़ता है, तो शब्द और अर्थ के बीच अंतःसंबंध तथा क्रम पर विचार करना भी अपेक्षित हो जाता है । सस्यूर जब कहते हैं कि जिस क्रम में हम विचार करते हैं, वाक्य में शब्दों का विन्यास भी उसी क्रम में होता है, तो वे वाक् के अंतर्निहित चरणों और उसके उच्चरित रूप के बीच एक अंतःसंबंध और क्रम को स्वीकार करते हैं ।

ऋग्वेद में कहीं वाणी के चार सोपानों की बात है, तो कहीं तीन की । वाक् के परम पद-परा वाक्-तथा शब्दार्थयुगलरूप उसकी अभिव्यक्ति के तीन सोपानों में उसका विवर्तन या परिणाम, जो पश्यंती मध्यमा और वैखरी के रूप में बाद में व्याकरणदर्शन में विवेचित हुआ-ऋग्वेद के इन स्थलों में संकेतित है ।

४. परम तत्त्व के रूप में वाक् मानवचैतन्य में अविभाज्य या तदाकारित है । इस स्तर पर द्रष्टा और दृश्य में, सर्जक तथा सर्जना में अभेद है । प्रजापति द्रष्टा है, वाक् सर्जना की शक्ति । वेद दोनों को अभिन्न कहता है । यह उचित ही है । अभेद की इस धारणा का प्रतान कतिपय पौराणिक आख्यानों में हुआ है । वहां प्रजापति या ब्रह्म तो ब्रह्मा बन कर विराजे और वाक् सरस्वती या गायत्री के रूप में प्रतिष्ठित हुई । वाक् या सरस्वती ब्रह्मा की पुत्री भी कही गयी, पत्नी भी (कृष्णयजु., १२.५, २७.१) । ब्रह्मा का सरस्वती को जन्म देना और उससे समागम करना यह ग्लानिजनक आख्यान उपर्युक्त वैदिक अवधारणाओं का ही निरूपक है । वाक् अपने स्रष्टा से संसक्त भी है, क्योंकि वह उसके चैतन्य में समवेत है, और उसकी पुत्री भी है,

क्योंकि वह उस प्रजापति से जन्म लेती है। भर्तृहरि जब वाक् का विवेचन शब्दब्रह्म के रूप में करते हैं और अर्थरूप जगत् को उसका विवर्त्त बताते हैं और आम्नायवेत्ताओं के मत में उसे उसका परिणाम भी कहते हैं, तो वे वाक् की अपने स्रष्टा से संयुक्ति तथा पार्थक्य दोनों विकल्पों की इसी परंपरा के आधार पर व्यवस्था दे रहे हैं ।

५. वाक् में निहित अद्वितीय शक्ति का बोध वैदिक ऋषि प्रकट करते हैं, वे उसकी सर्वशक्तिमत्ता का प्रख्यापन भी करते हैं । वाक्-सूक्तों के कथनों में यह अवधारणा संकेतित है कि शब्द विश्व की सृष्टि करते हैं, उसे संस्कारित कर सकते हैं और उसे बदल भी सकते हैं । वाक् देवता कहती है -

यं कामये तमुग्रं कृणोमि,
तं ब्रह्माणं तमृषिं तं सुमेधाम् ।

इसी परम्परा में अथर्ववेद वाक् को कामदुहिता धेनु कहता है (अथर्व.,९.२.५) । वाक् को पौराणिक प्रतीकभाषा में कामधेनु के रूप में पहचाने जाने की परंपरा का भी यहीं सूत्रपात होता है तथा इसी परम्परा में भट्टतौत और भवभूति कहते हैं-

वाग्धेनोर्दुग्धमेतं हि रसं यद् बालतृष्णया ।
तेन नास्य समः स स्याद् दुह्यते योगिभिर्हि यः ।।

तथा -

कामं दुग्धे विप्रकर्षत्यलक्ष्मीं कीर्तिः सूते दुर्हृदोनिष्प्रलाति ।
शुद्धां शान्तां मातरं मङ्गलानां धेनुं धीराः सूनृतां वाचमाहुः ।।

(उत्तररामचरित ५.३०)

अतएव इस परम्परा में वाक् मनुष्य के लिए सर्जना की शक्ति और अभिव्यक्ति की संवाहिका होने के साथ-साथ मुक्ति का साधन भी बनी । शब्द में मनुष्य की मुक्ति की संभावना और उस संभावना के एक जीवन-दर्शन का व्यवस्थापन तब यहां हो सका । वाक् की साधना 'मोक्षमाणानामजिह्मा राजपद्धतिः (वाक्यपदीय, १.१६) बनी, और शब्दसंस्कार परमात्मा की सिद्धि (वही, १.१२३,१३१) । व्याकरण को अपवर्ग का द्वार माना गया (वही, १.१४) । महाभाष्यकार ने कहा था कि 'सोऽयमक्षरसमाम्नायो वाक्समाम्नायः पुष्पितः फलितश्चन्द्रतारकवत् प्रतिमण्डितो वेदितव्यो वेदराशिः ' (म.भा., भाग-१.पृ. ३६), तो म.भा.

दीपिका ने उसकी व्याख्या यह दी 'पुष्पितःफलितश्च, दृष्टादृष्टाभ्यामभ्युदयनिःश्रेयसाभ्याम्। (म.मा.,दीपिका, पृ. ९२.१.१४)।

६. सर्जना के साथ अवबोध की शक्ति भी वाक् है। कारयित्री और भावयित्री दोनों उसी के रूप हैं। अवबोध का संस्कार वाक् का ही एक रूप है और वह जिसके पास है, उसके आगे ही वाक् अपने आपको समग्रतया उन्मीलित् कर देती है, जिसके पास वह संस्कार नहीं, वह वाक् को सुनता हुआ भी नहीं सुनता, और देख कर भी नहीं देख पाता (ऋ., १०.७१.४)। चाम्स्की इस संस्कार को 'अन्तः प्रज्ञात्मक ज्ञान' के रूप में परिभाषित करते हैं (चाम्स्की, १९७५, पृ. ६.)। उनकी प्रजनक व्याकरण की अवधारणा मानवमन में अनिश्चित अनेकानेक वाक्यों को समझने की अन्तर्निहित योग्यता है, (वही, पृ. १३)।

७. वाक् का संहिताओं में उपस्थापित यह स्वरूप ही परवर्ती रीति या शैली के विचार का आधार बना। काव्य के दोष, गुण, और अलङ्कार की अवधारणाओं के बीज उसमें हैं, और कुन्तक, राजशेखर और भोज आदि आचार्यों को अपने प्रस्थान के सूत्र भी उसी में प्राप्त हुए हैं। ऋग्वेद में वाक् को द्योतमाना, त्विषीमती, चित्रा, नवस्वक्ति (मौलिक), स्वादुमत् (माधुर्ययुक्त)आदि विशेषणों सें मंडित किया गया है। इसमें रीतिविचार के अंतर्गत पठित माधुर्य, ओजस्, प्रसाद, समाधि, कान्ति, श्लेष, आदि गुणों का संग्रह हो जाता है (ऋ.,२.२१.६, १.१४३.७, १.१६४.१०, ५.६३.६, ८.७६.१२, १०.८८.३,८.८.११ आदि। (द्र. त्रिपाठी, १९८२,पृ. १४-२२.)

८. स्पष्ट ही ऋग्वैदिक वाक् में सृष्टि का सूक्ष्मतम से लेकर स्थूलतम तक समाहित है। उसे 'भूरिस्थात्रा' तथा 'भूर्यावेशयन्ती' कहा गया है (ऋ., १०.७१.७)। मनुष्य के द्वारा उच्चरित शब्द, जो इस वाक् का ही एक स्थूल रूप है अपने साथ अर्थ को लेकर उपस्थित होता है। 'यस्तित्याज सचिविदं सखायं, न वाच्यपि भागो अस्ति, (ऋ., १०.७१.६) की व्याख्या में उद्गीथ कहते हैं-वाचः सखिभूतमर्थम्। इस प्रकार शब्दार्थसाहित्य के विषय में समस्त चिंतन के सूत्र ऋग्वैदिक वाग्विमर्श में अनुस्यूत हैं।

कुल मिलाकर वाक् के विमर्श में ऋग्वेद के ऋषियों ने शब्द को सृष्टि के केन्द्र में स्थापित किया, उसी में, जगत् का आरंभ, निर्माण

समुल्लास और मानव की मुक्ति भी देखी । वे ऋषि बार-बार कहते हैं कि हम अपने शब्दों या सूक्तों में इन्द्र को जन्म देते हैं, या अग्नि को बढ़ाते हैं (ऋ., ८.७९.१)। बृहदारण्यक उपनिषद् वाक् की सर्वव्यापिता और सर्वात्मकता को इस प्रकार परिभाषित करता है- 'यह समस्त पृथ्वी वाक् का शरीर है । जितना इस जगत् का विस्तार है, उतना वाक् का यहां जो कुछ भी जाना जाता है, सब वाक् का ही रूप है, वाक् ही जानने वाली ही है, और वह भी नाना पदार्थों में व्याप्त भी है' (बृह. उप., १.५.८.११)।

आधुनिक भाषाशास्त्रियों में हुम्बोल्त ने भाषा की 'सीमित साधनों के असीमित उपयोग' कर सकने की क्षमता पर बल दिया है। वस्तुतः ये भाषाशास्त्री भाषा में अंतर्निहित जिस सर्जनात्मक क्षमता का संकेत करते हैं, उसकी सहज स्वीकृति ऋग्वैदिक वाक् के रूप में है ।

सहायक ग्रन्थ

१. वाक्यविन्यास का सैद्धान्तिक पक्ष, नोम चाम्स्की, अनु. रमानाथ सहाय, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, १९७५,
२. आस्पेक्ट्स आफ थ्योरी आफ सिंटेक्स, वही, एम.आ.टी.प्रेस. १९६५
३. काव्यशास्त्र और काव्य, राधावल्लभ त्रिपाठी, मैकमिलन एण्ड कं., नयी ादल्ली, १९८२

2

प्रातिशाख्यों की पृष्ठभूमि एवं उनका स्वरूप

डॉ. राजेन्द्रमिश्र

भारतीय विद्वत्परम्परा यह विश्वास करती है कि सृष्टि के प्रारम्भ में समूची वेद-ज्ञानराशि अविभाजित थी। वेद, श्रुति आम्नाय, छन्दस्, निगम तथा स्वाध्याय संज्ञा से अभिहित ये ज्ञानग्रंथ प्रारंभ में समवायतः एक थे। द्वापरयुग के अन्त में महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यास ने लोकोपकार की दृष्टि से एक ही ज्ञान-संहिता को ऋक् , यजुष तथा साम, मंत्रो की प्रकृति के आधार पर त्रिधा विभक्त किया। फलतः वेद को 'त्रयी' संज्ञा प्राप्त हुई। कालान्तर में महर्षि अंगिरा तथा अथर्वा ने भी अवशिष्ट वेदमंत्रों को संकलित किया जिसे अथर्वाङ्गिरस संहिता आथर्वण-संहिता अथवा अथर्ववेद कहा गया है।

तैत्तिरीय संहिता के भाष्यकार भट्टभास्कर ने लिखा है - **पूर्वं भगवता व्यासेन जगदुपकारार्थं एकीभूय स्थिता वेदा व्यस्ताः शाखाश्च परिच्छिन्नाः।**

यजुर्वेद के भाष्यकार महीधर का कहना है, "**तत्रादौ ब्रह्मपरम्परायां प्राप्तं वेदं वेदव्यासो मन्दमतीन् मनुष्यान् विचिन्त्य तत्कृपया चतुर्धा व्यस्य ऋग्यजुःसामाथर्वाख्यान् चतुरो वेदान् पैलवैशम्पायनजैमिनिसुमन्तुभ्यः क्रमात् उपदिदेश।**"

निरुक्त के व्याख्याकार आचार्य दुर्ग ने भी इस तथ्य को स्वीकार करते हुए कहा कि इस विभाजन का कारण था वेदों की दुरध्येयता तथा उनकी विशालता -

वेदं तावदेकं सन्तं अतिमहत्त्वात् दुरध्येयम् अनेक शाखाभेदेन समाम्नासिषुः सुखग्रहणाय व्यासेन समाम्नातवन्तः।

विष्णुपुराण में भी इसी आशय का उल्लेख मिलता है--**एको वेदश्चतुर्धा तु व्यस्यते द्वापरादिषु।**

वेदविभाजन का यह सन्दर्भ अत्यन्त विवादास्पद है। विवाद का एक बिन्दु तो यह है कि व्यास ने वेद का त्रिधा विभाजन किया अथवा

चतुर्धा। दूसरा महत्त्व पूर्ण बिन्दु यह है कि स्वामी दयानन्द कण्वसंहिता अथर्ववेद[१], शतपथ ब्राह्मण[२] तथा महाभारत[३] का प्रमाण देते हुए यह सिद्ध करते हैं कि वेद प्रारंभ से ही चतुर्धा विभक्त थे।

जो भी हो, इतना तो निश्चित है कि वेद चतुर्धा विभक्त हैं। भगवान् व्यास ने अपने शिष्यों - पैल, वैशम्पायन, जैमिनि तथा सुमन्तु को क्रमशः ऋक, यजुष्, साम तथा अथर्व संहिता का उपदेश दिया। आगे चलकर, इन ऋषियों ने भी अपने शिष्यों प्रशिष्यों के माध्यम से वेदविद्या का प्रचार-प्रसार किया। यह कार्य शताब्दियों तक मौखिक परम्परा से ही चलता रहा, फलतः मंत्रो की आनुपूर्वी, उच्चारण तथा विनियोग आदि में नाना प्रकार के अन्तर आते गये।

वेदविद्या के इस प्रचार-प्रसार क्रम में आदि प्रवचनकार ऋषि को 'चरण' कहा गया[४]। आगे उसी क्रम में जिन ऋषियों ने मत-मतान्तर स्थापित किये उन्हें शाखाप्रवर्तक कहा गया। शाखा को ही 'पार्षद' भी कहा गया है। शाखा अथवा पार्षद का भी विभाजन 'अनुशाखाओं' में हुआ। प्रचार-प्रसार की इस सुदीर्घ परम्परा में जो साक्षात्कृतधर्मा अथवा मंत्रद्रष्टा ऋषि हुए उन्हें 'प्रवर' कहा गया। विकास की यह परम्परा अत्यन्त वैज्ञानिक सिद्ध हुई। कोई भी वेदज्ञ ब्राह्मण अपना सांगोपांग परिचय इसी क्रम में देता था कि उसका चरण क्या है, प्रवर क्या है, और वेद की शाखा क्या है। १२ वीं शती में प्राप्त राजा भोजवर्मा का एक ताम्र पत्र इस परिचय-परम्परा को प्रमाणित करता है- **जमदग्निप्रवराय वाजसनेयचरणाय यजुर्वेदकण्वशाखाध्यायिने ...।**

महाभाष्यकार पतञ्जलि द्वारा महाभाष्य में प्रस्तुत वेद-शाखाओं का विवरण जितना रोचक है, उतना ही विस्मयावह भी। वह लिखते हैं--एकविंशतिधा बाह्वृच्यम् एकशतम् अध्वर्यु शाखा.....सहस्रवर्त्मा सामवेद.....नवधाऽथर्वणो वेदः।

इस परिगणना के अनुसार ऋग्वेद की २१, यजुर्वेद की १०१, सामवेद की १००० तथा अथर्ववेद की ९ शाखायें प्रचलित थीं। इसका अर्थ यह हुआ कि विभिन्न ऋषियों के पाठभेदों तथा अन्य मतवैषम्यों के आधार पर पनपी चारों वेदों की ११३१ शाखायें कभी भारत में प्रचलित थीं। इन समस्त शाखाओं के अपने-अपने पृथक् ब्राह्मण, आरण्यक एवं उपनिषद् ग्रन्थ भी रहे होंगे। आज स्थिति यह है कि

किसी शाखा का मात्र ब्राह्मण भाग मिलता है। तो किसी की उपनिषद्। किसी का आरण्यकमात्र मिलता है तो किसी का संहिता।

सम्प्रति ऋग्वेद की एकमात्र शाकल शाखा; यजुर्वेद की काण्व, माध्यन्दिन (शुक्ल), तैत्तिरीय, मैत्रायणी, कठ एवं कपिष्ठल; (कृष्ण) सामवेद की कौथुम, राणायनीय तथा जैमिनीय, अथर्ववेद की शौनक एवं पैप्पलाद अर्थात् चारों वेदों की मात्र १२ शाखाएं उपलब्ध हैं।[५]

इन वेदशाखाओं के पार्थक्य का मूल आधार क्या था, यह जानना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि उन्हीं पार्थक्यबिदुओं को समझने तथा समझाने के लिये, आगे चलकर प्रातिशाख्यों की रचना हुई। प्रातिशाख्य शब्द ही बताता है, कि उसका सम्बन्ध वेद की प्रत्येक शाखा से था। आचार्य माधव ने निर्वचन की दृष्टि से लिखा है- **प्रतिशाखं भवं प्रातिशाख्यम्।**

१. एक ही संहिता का अनेक शाखाओं तथा अनुशाखाओं में विभक्त होने का प्रथम कारण था शिष्यों प्रशिष्यों द्वारा स्वारस्य के अनुसार पाठान्तर स्वीकार कर लेना। वायुपुराण के ७१ वें अध्याय में इस प्रवृत्ति का खुलासा किया गया है -

> सर्वास्ता हि चतुष्पादाः सर्वाश्चैकार्थवाचिकाः ॥
> पाठान्तरे पृथग्भूता वेदशाखा यथा तथा ॥ ५९ ॥
> प्राजापत्या श्रुतिर्नित्यास्तद् विकल्पास्त्विमे स्मृताः ॥
> अनित्यभावाद् देवानां मन्त्रोत्पत्तिः पुनः पुनः ॥ ७५ ॥

ऋग्वेद १०.७१.६, काण्वसंहिता १.३ तथा तैत्तिरीय आरण्यक १.३.१. में एक ही पाठ को भिन्न रूपों में ग्रहण किया गया है, जैसे-स चिविदं सखायम्। सखिविदं सखायम्। भ्रातृव्यस्य वधाय। द्विषतो वधाय।

२. तैत्तिरीय प्रातिशाख्य शाखाविभाजन का मूल कारण मंत्रोच्चारणभेद मानता है। एक ही मंत्रांश को विभिन्न शाखाओं में पृथक् रूप से उच्चारित किया जाता है। उदाहरणार्थ -

> सरट्ढ वा अश्वस्य।
> सरट्ह वा अश्वस्य।
> सरट्ढ्ह वा अश्वस्य।

३. महाभाष्यकार वेदव्याख्यान को ही शाखा-विभाजन का हेतु मानते हैं-**नहि च्छन्दांसि क्रियन्ते । नित्यानि छन्दांसि इति । यद्यपि अर्थोनित्यः । या त्वासौ वर्णानुपूर्वी साऽनित्या । तद्भेदाच्चैतद् भवति काठकं, कालापकं, मौदकं पैपलादकम् इति ।**

अष्टाध्यायी के सूत्र **'तेन प्रोक्तम्'** (१.३.१०१) की व्याख्या में पञ्जिकाकार जिनेन्द्रबुद्धि भी वेद एवं उसकी शाखाओं का ही उदाहरण देते हैं - **तेन व्याख्यातं तदध्यापितं वा प्रोक्तमित्युच्यते** आदि ।

जिनेन्द्र बुद्धि भी वेदविद्या के व्याख्यान को ही शाखाकरण का आधार मानते हैं ।

४. मंत्रगत रूढियां भी शाखाभेद का कारण बनीं । ऋग्वेद में अनेक ऐसी ऋचाएं हैं जो अध्ययन काल में तो चतुष्पदा होती हैं, परन्तु प्रयोगकाल में द्विपदा बन जाती हैं । आचार्य सायण एवं महीधर ने भी सर्वानुक्रमणी के इस मन्तव्य को स्वीकार करते हुए इन्हें नैमित्तिक द्विपदा की संज्ञा दी है तथा इनकी संख्या १४० स्वीकार की है । इसके अतिरिक्त ऋग्वेद में १७ नित्य द्विपदा ऋचाएं भी हैं और उन्हें उस स्वरूप से कथमपि वंचित नहीं किया जा सकता है ।

शाकल शाखा के बालखिल्य सूक्त तथा कुन्ताप सूक्त भी एक प्रकार की रूढ़ि ही हैं, क्योंकि शाखाभेद से इनका कोई प्रत्यक्ष सन्बन्ध नहीं सिद्ध होता ।

महाभाष्यकार लिखते हैं - **ग्रामे ग्रामे काठकं कालापकं च प्रोच्यते** (महा., ४.३.१०१) । इससे यह सिद्ध हो जाता है कि भारतवर्ष में कोई ऐसा भी समय था जबकि कठ एवं कालापक शाखायें गांव-गांव में पढ़ाई जाती थीं, वह समय महर्षि पतञ्जलि का जीवन काल (ई.पू. द्वितीय शती) भले न रहा हो, परन्तु उनसे पूर्व अवश्य ही था ।

जब चारों वेदों की ११३१ शाखाओं का कमोवेश अध्ययन-अध्यापन सम्पूर्ण भारत में प्रचलित रहा होगा तब इन शाखाओं के पार्थक्य से उभरे मत-मतान्तर भी पारस्परिक प्रतिस्पर्धा, आत्मगौरव, वाकोवाक्य शास्त्रार्थ के कारण बनते रहे होंगे । प्रत्येक शाखाकार अपनी ही मंत्रानुपूर्वी , अपने ही उच्चारण, अपने ही पाठ तथा अपनी ही रूढ़ि को युक्ति-युक्त मानता रहा होगा । वेद का अध्ययन, अध्यापन

जटिल और विषमकार्य बन गया होगा । सचमुच ऐसी ही स्थिति रही होगी ।

फलतः जैसे कलियुगीन मानवों की ह्रासोन्मुख बुद्धि तथा वेदमंत्रों के दुरध्येत्व का आकलन कर भगवान् व्यास ने वेदों का चतुर्धा विभाजन किया था, अब उसी प्रकार वेदाध्ययन को सरल, सुगम तथा सुकार बनाने के उद्देश्य वेदाङ्गों की संरचना हुई । वेदाङ्गों का मूल उद्देश्य ही था विभिन्न वेदशाखाओं की सूक्ष्मातिसूक्ष्म रूढ़ियों तथा ग्रन्थियों का व्याख्यान । प्रत्येक वेदाङ्ग का विषय क्षेत्र अलग था ।

चूंकि इनके अध्ययन से वेद के रहस्यों को सरलता से समझा जा सकता था इसीलिए इन्हें (वेद का) अंङ्ग कहा गया–येनाङ्गयते गम्यते-वेदः स वेदाङ्गः ।

मंत्रद्रष्टा ऋषि तो 'अभ्यानर्षण' के कारण धर्म का साक्षात्कार कर चुके थे । फलतः स्वयंप्रकाश उन ऋषियों ने प्रवचन द्वारा 'असाक्षात्कृतधर्मा' अर्थात् सामान्य मानवों को भी प्रबुद्ध बनाया ।[६] परन्तु आगे चलकर मनुष्य इतने मन्दबुद्धि पैदा होने लगे कि वे मंत्रोपदेश मात्र से ज्ञान ग्रहण कर सकने में असमर्थ थे । फलतः वेदों के रहस्यों को फोड़ कर अर्थात् सुगम बनाकर उन मन्द बुद्धि जनों को समझाने के लिए वेदाङ्गों की रचना हुई ।[७]

वेदाङ्गों की परम्परा का उदय ब्राह्मण-काल में ही हुआ, परन्तु उनके स्वरूप एवं संख्या का निश्चय इस युग के अन्तिम चरण में हुआ । बृहदारण्यकोपनिषद्, छान्दोग्योपनिषद् मुण्डकोपनिषद् तथा षड्विंश ब्राह्मण में किसी न किसी रूप में वेदाङ्ग की अविकसित, अपरिनिष्ठित अवधारणा मिलती है । बृहदारण्यक उपनिषद् में इतिहास, पुराण, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र , अनुव्याख्या तथा व्याख्यादि को ब्राह्मण का अंग बताया है; तो छान्दोग्य में इतिहास, पुराण, व्याकरण, पित्र्य, राशि, दैव, निधि, वाकोवाक्य, एकायन, देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या तथा सर्पविद्या आदि को ।[८]

छह वेदाङ्गों का नाम्ना उल्लेख सर्वप्रथम मुण्डकोपनिषद् में प्राप्त होता है । षड्विंश ब्राह्मण में भी वेद के साथ वेदाङ्गों की संख्या तो चर्चित हैं परन्तु नाम नहीं ।[९] नाम और संख्या – दोनों का एक साथ

उल्लेख मुण्डकोपनिषद् में इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है – **शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दो ज्यौतिषम्।** – मुण्डक., २.२.५.।

कालान्तर में इन्हीं छः वेदाङ्गों को अन्तिम रूप से स्वीकृति दी गई तथा इनका तलस्पर्शी विषय-विवेचन भी किया गया। प्रस्तुत आलेख में शिक्षा के ही सन्दर्भ में अपेक्षित सूचनाओं को एकत्र करना अभीष्ट है, क्योंकि प्रातिशाख्यों में शिक्षा का ही प्रतिपादन एवं अन्वाख्यान किया गया है।

मुण्डकोपनिषद् की सूची में शिक्षा को प्रथम वेदाङ्ग माना गया है, जिससे उसका महत्व स्वतः सिद्ध हो जाता है। पाणिनीयशिक्षा में भी उसे वेद की नासिका, कहा गया है।[१०] तैत्तिरीय उपनिषद् में शिक्षा के प्रतिपाद्य को संकलित करते हुए कहा गया है– 'शिक्षां व्याख्यास्यामः वर्णः स्वरः। मात्रा बलम्। साम सन्तानः। इत्युक्त शिक्षाऽध्यायः।'

वर्ण का अर्थ है वैदिक वर्णमाला। स्वर का अर्थ उदात्त, अनुदात्त स्वरित प्रचय आदि स्वर। मात्रा, दीर्घ एवं प्लुत को कहते हैं। बल का तात्पर्य है वर्णों का उच्चारण स्थान (Point of articulation), तथा उनका बाह्य, आभ्यन्तर प्रयत्न (Process of articulation), साम का अर्थ है निर्दोष एवं पूर्वापर वर्णसामञ्जस्य से युक्त मधुर उच्चारण तथा सन्तान का अर्थ है मंत्रापाठ की प्रक्रिया में पदादि एवं पदान्त वर्णों की संहिता।

'मंत्र का अशुद्ध उच्चारण वज्रपात बनकर यजमान को ही विनष्ट कर सकता है' याज्ञिकों का यह दृढ़ विश्वास था।[११] महाभाष्यकार ने इस विश्वास को वृत्रासुर के उपाख्यान द्वारा स्पष्ट किया है। देवराज इन्द्र द्वारा अपने पुत्र विश्वरूप की हत्या कर देने के बाद कुपित त्वष्टा ने इन्द्रविनाशक पुत्र की उत्पत्ति के लिये आभिचारिक यज्ञ किया– **'इन्द्रशत्रोःविवर्धस्व'** आवाहन के साथ। परन्तु याज्ञिकों ने इन्द्रशत्रु शब्द का अन्तोदात्त उच्चारण न कर आद्युदात्त उच्चारण किया। अन्तोदात्त उच्चारण की स्थिति में यह शब्द षष्ठी तत्पुरुष बनता और इन्द्र के शत्रु (वृत्र) की वृद्धि होती। परन्तु आद्युदात्त उच्चारण से इसका अर्थ बहुब्रीहि परक हो गया तथा मंत्रबल से ऊर्जित 'इन्द्र' ने ही वृत्र का नाश कर डाला।

तैत्तिरीय उपनिषद् में व्याख्यात शिक्षा का प्रतिपाद्य यद्यपि सूत्र रूप में कहा गया है तथापि उससे शिक्षा का स्वरूप एवं क्षेत्र स्पष्ट हो जाता है। वस्तुतः आज की भाषावैज्ञानिक पदावली की दृष्टि से हम शिक्षा को प्राचीनतम ध्वनिविज्ञान कह सकते हैं, जिसमें वर्णों, स्वरों, निघातों, मात्राओं तथा समूची ध्वन्युच्चारण-प्रक्रिया का अनुभव संवेद्य (गतानुगतिक नहीं) वर्णन हुआ है। महाभाष्यकार पतञ्जलि द्वारा प्रोक्त व्याकरण के उद्देश्यों में भी अनेक बिन्दु ऐसे हैं जो शिक्षा की परिधि में आते हैं।[१२] सच तो यह है कि शिक्षा, निरुक्त तथा व्याकरण अन्योन्याश्रित विद्याएं हैं।

शिक्षा वेदाङ्ग का मूल उद्देश्य था-वेद की विविध शाखाओं की ध्वनिवैज्ञानिक व्याख्या करना। वैदिकी शिक्षा वस्तुतः अध्येतृ-परम्परा तथा आचार्य-सम्प्रदाय पर आश्रित थी। आचार्य-कुमारिल भट्ट ने बड़ी स्पष्टता से यह बात स्वीकार की है।

वेदरक्षाऽपि नैतस्मादृतेऽध्येतृपरम्पराम्।
सम्प्रदायोऽनुवृत्तश्चेद् वेदस्तेनैव रक्ष्यते ॥
प्रातिशाख्यविरोधे च बाध्यते व्याक्रिया वरम्।

व्याकरण एक समस्या का एक निश्चित समाधान देता है। निरुक्त अनेक समाधानों की सम्भावनाएं प्रस्तुत करता है। परन्तु शिक्षा अथवा उसके प्रतिपादक प्रातिशाख्य शाखागत विकल्पों की स्वतन्त्र एवं पृथक् व्याख्या करते हैं। आचार्य नागेश भट्ट प्रातिशाख्य की इस विलक्षण प्रकृति को रेखाङ्कित करते हुए कहते हैं-न च पदार्थ लक्षणं ख्यापक म् ..न च प्रातिशाख्यादितस्तन्निवृत्तिः तेषामनन्तासु शाखासु क्वचित्क्वचिदुत्सादर्शनात्। न च तद् विरोधस्यात्यन्तबाधः। शाखान्तरपरतयाऽत्यन्तबाधक त्वस्याक ल्पनात्। (महा. पस्पशा.)।

आचार्य नागेशभट्ट द्वारा स्वीकृत प्रातिशाख्यों की अनन्तता का कारण है वेदशाखाओं की अनन्तता, जिसका विवेचन पहले ही किया जा चुका है।

वेद की प्रत्येक शाखा का पाठभेद, उच्चारण विनियोगविषयक, सूक्ष्मातिसूक्ष्म विवेचन करने के ही कारण शिक्षाग्रन्थों को प्रातिशाख्य कहा गया। शाखागत पार्थक्यभेदों के भी कुछ उदाहरण प्रारंभ में बताए जा चुके हैं। प्रातिशाख्य युक्ति परक व्याख्याग्रन्थ हैं, फलतः

तत्त्वमीमांसा करते समय उनकी दृष्टि, मात्र रहस्योद्भेद पर केन्द्रित रहती है, न कि किसी गूढ़ धर्मोपदेशना पर। शतपथ ब्राह्मण में भी कूट- उपाख्यानों का विशाल जमघट दीखता है। परन्तु वहां उन उपाख्यानों द्वारा किसी गूढ़ यज्ञीय रहस्य अथवा कर्मकाण्डीय ग्रंथि को सुलझाने का यत्न किया गया है। कहीं-कहीं उनका उद्देश्य आध्यात्मिक चिन्तन पर भी केन्द्रित दींखता है।

वैदिक अध्ययन-अध्यापन की परम्परा चिरकाल तक मौखिक एवं आनुवंशिक ही रही। फलतः उत्तरोत्तर पनपते भेदप्रभेदों, मतवैषम्यों एवं स्वारस्यों के कारण 'शाखापाठ' का महत्व एवं उसकी शुद्धता-पवित्रता सर्वोपरि हो गई।

स्वशाखाश्रयमुत्सृज्य परशाखाश्रयं तु यः।
कर्तुमिच्छति दुर्मेधा मोघं तत्तस्य जीवितम्॥

शाखा के प्रति यह अकृत्रिम आस्था ही सिद्ध करती है कि वेद की प्रत्येक शाखा स्वयं में एक विशाल सम्प्रदाय होती थी जिसमें उसके व्यक्तिगत वैशिष्ट्य, प्रचलित उच्चारण-सम्बन्धी नियम, स्वीकृत मंत्रपाठ की आनुपूर्वी, भाषागत प्रयोग स्वातंत्र्य, परम्पराएं रूढ़ियां एवं अन्यान्य नियमबद्धताएं सुरक्षित थीं। और यही सारी शाखा-सुरक्षित-सामग्री प्रातिशाख्यों का प्रतिपाद्य बनी।

निरुक्त कार यास्क प्रातिशाख्य को 'पार्षद' भी कहते हैं - पदप्रकृतीनि सर्वचरणानां पार्षदानि। (निरुक्त, १.१५.) किं पार्षदानि। स्वचरणापर्षद्येव यैः प्रतिशाखं नियतमेव पदावग्रहणप्रगृह्यक्रमसंहिता स्वरलक्षणंमुच्यते, तानीमानि पार्षदानि प्रातिशाख्यानि। - आचार्य दुर्ग, निरुक्त, १.१७।

जैसा कि नामकरण से ही स्पष्ट हो जाता है, प्रातिशाख्य वेद की प्रत्येक शाखा से सम्बद्ध रहे होंगे। इसका अर्थ यह हुआ कि यदि वेद की समस्त शाखायें ११३१ थीं तो प्रातिशाख्य भी इतने ही रहे होंगे।

परन्तु इस विषय में दो प्रकार की धारणाएं प्रचलित रही हैं। एक तो यह कि प्रातिशाख्यों की संख्या वेदों की शाखाओं की संख्या के ही बराबर थी। दूसरी यह कि प्रातिशाख्य अनेक वेदशाखाओं की सामूहिक ध्वनि - वैज्ञानिक व्याख्या करते थे। गार्ग्य, गोपाल, यज्वा

ने तैत्तिरीय प्रातिशाख्य के स्वोपज्ञ वैदिकाभरण भाष्य में कहा है कि दो-तीन वेदशाखाओं का सामूहिक प्रतिशाख्य भी होता है । जैसे ऋग्वेद की शाकल एवं बाष्कल शाखाओं का प्रातिशाख्य एक ही है-

द्वित्रिशाखाविषयत्वेऽपि तदसाधरणतयोपपत्तेः । तथा बह्वृचां शाकलबाष्कलात्मक शाखाद्वयविषयं प्रसिद्धम् । (तै.प्रा., वैदिकाभरणभाष्य, ४.११.)।

जैसे वेदों की ११३१ शाखाओं में से आज मात्र बारह शाखाएं प्राप्त होती हैं ठीक उसी प्रकार आज प्रातिशाख्य भी मात्र नौ ही उपलब्ध हैं - शौनकप्रणीत ऋक्प्रातिशाख्य, कात्यायनप्रणीत वाजसनेयिप्राति. (शुक्ल यजुर्वेद), कार्तिकेय प्रणीत तैत्तिरीय प्राति. (कृष्ण यजुर्वेद), औदव्रजि-प्रणीत ऋक्तंत्र, सामतंत्र एवं अक्षरतंत्र तथा पुष्पाचार्य प्रणीत पुष्पसूत्र प्रातिशाख्य (सामवेद) चतुरध्यायिका एवं अथर्ववेद प्रातिशाख्य (अथर्ववेद) ।

उपर्युक्त प्रातिशाख्यों के अतिरिक्त आश्वलायन प्राति.,[१३] बाष्कल प्राति.,[१४] शांखायन प्राति,[१५] चारायणीय प्राति.,[१६] मैत्रायणी प्राति.,[१७] सात्यामुग्रि राणायनीय प्राति.,[१८], राणायनीय ऋक्तंत्र[१९] तथा गौतमी प्रातिशाख्य[२०] का भी उल्लेख विभिन्न परवर्ती ग्रंथों में उपलब्ध होता है । संभव है कि अन्यान्य प्रातिशाख्यों के सन्दर्भ में भी जानकारी भविष्य में मिले क्योंकि हस्तलिखित ग्रन्थों का विशाल समूह अभी भी अनदेखा पड़ा है ।

उपलब्ध प्रातिशाख्यों में शौनक-प्रणीत ऋक् प्रातिशाख्य सम्भवतः सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं विशाल है । इस प्रातिशाख्य में कुल तीन अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय छः-छः पटलों में विभक्त है । इस प्रकार सम्पूर्ण ऋक् प्राति. में १८ पटल हैं । यदि वर्ण्य अथवा विवेच्यसामग्री की दृष्टि से विचार किया जाय तो प्रतीत होगा कि ऋक्प्राति. समूचे प्रातिशाख्य-वाङ्मय के विस्तृत प्रातिपाद्य का प्रतिनिधित्व करता है । इस प्रातिशाख्य में प्रतिपाद्यभूत संज्ञाएं-सन्धिगत स्वरवर्णलोप, आगम, विकारादि, उदात्तानुदात्तादि स्वरविवेचन तथा उनका बलाबलविचार, नतिभाव (दन्त्य स का मूर्द्धन्य ष में परिवर्तन) वर्णद्वित्व, स्वरभक्ति, , ह्रस्व, दीर्घ, प्लुत विवेचन तथा

सामवशा सन्धि आदि का सारग्राही विवेचन किया गया है। अन्यान्य वेदों से सम्बद्ध प्रातिशाख्यों में भी अनेक विषय ऐसे हैं जो ऋक् प्राति. में भी आये हैं।

यद्यपि परवर्ती युग में छः वेदाङ्गों में व्याकरण, छन्द एवं ज्यौतिष का ही अप्रतिहत गति से प्रचार-प्रसार होता रहा, तथापि व्याकरण शास्त्र के विकास में प्रातिशाख्यों का योगदान अविस्मरणीय है।

संदर्भ

१. यास्मिन्नहिता वेदा विश्वरूपाः (अथर्व.), वेदाश्च साङ्गाश्चत्वारः (सायण)।
२. शतपथ ब्राह्मण, काण्ड ११।
३. वेदैश्चतुर्भिः सुप्रीताः (द्रोणपर्व)
४. सविस्तर द्रष्टव्यः निरुक्त, १.१७,; महाभाष्य; ४.२.१०४ पाणिनीयाष्टक, २.४.३ तथा प्रतिज्ञापरिशिष्ट। मालतीमाधव के टीकाकार जगद्धर भट्ट ने लिखा है-चरणशब्दः शाखाविशेषाध्ययनपरैकतापन्नजनसङ्घवाची।
५. महाभाष्य के अतिरिक्त आपस्तम्बधर्मसूत्र, दिव्यावदान, प्रपञ्चहृदय, आथर्वणपरिशिष्ट, चरणव्यूह तथा बोधायन गृह्यसूत्र में भी संख्याभेद के साथ वेदशाखाओं का विविचेन किया गया है।
६. साक्षात्कृतधर्माण ऋषयो बभूवुः। तेऽवरेभ्योऽसाक्षात्कृतधर्मभ्य उपदेशेन मंत्रान् समप्रादुः। निरुक्त, १.२०।
७. उपदेशाय ग्लायन्तोऽवरे बिल्मग्रहणायेमं समाम्नासिषुः वेदञ्च वेदाङ्गानि च। (निरुक्त, १.२०); बिल्मं भिल्मं वेदानां भेदनम्। भेदो व्यास इत्यर्थः। भासनमिति वा। (म.म.पं. छज्जूराम शास्त्री)।
८. सविस्तर द्रष्टव्य : बृहदारण्यकोप., ४.४.१० तथा छान्दोग्योप., ७.१.२।
९. चत्वारोऽस्यै वेदाः शरीरं षडङ्गान्यङ्गानि।
१०. छन्दः पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोऽथ पठ्यते।
ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते॥

शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ।
तस्मात्साङ्गमधीत्यैव ब्रह्मलोके महीयते ।। (पा. शि., ४१,४२.)

११. मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा मिथ्याप्रयुक्तो न तमर्थमाह ।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात् ।।
पाणिनीय शिक्षा, ५२.

१२. रक्षोहागमलध्वसन्देहाः प्रयोजनम् । रक्षार्थं वेदानामध्येयं व्याकरणम् । लोपागमवर्णविकारज्ञो हि सम्यग्वेदान् परिपालयिष्यतीति । (महाभाष्य पस्पशा.)

१३. अनन्त भट्ट विरचित वाजसनेयि प्राति. टीका में उल्लेख - नाप्याश्वलायनाचार्यादिकृतप्रातिशाख्यसिद्धत्वम् ।

१४. शांखायन श्रौतसूत्र (१२.१३.५.) के वरदपुत्र आनर्तीय भाष्य में संकेत-उपद्रुतो नाम सन्धिर्बाष्कलादीनां प्रसिद्धः । तस्योदाहरणम् ।

१५. अलवर के राजकीय ग्रंथागार में ग्रंथाङ्क १७ के रूप में उल्लेख 'शांखायनशाखायां प्रातिशाख्यं समाप्तम् ।'

१६. काठक गृह्यसूत्र, (५.१.१.) भाष्य में देवपाल-'तथा च चारायणीयसूत्रम् , ।

१७. श्रीधर वारे (पं. सातवलेकर -सम्पादित मैत्रा. संहिता की भूमिका में) ।

१८. भट्टोजि दीक्षित प्रणीत शब्दार्थकौस्तुभ, (१.१.३) ।

१९. गोभिल गृह्य., (२.८.४) व्याख्या में भट्ट नारायण-राणायनीयानां प्रोक्तो प्रसिद्धा विसर्जनीयाभिनिष्ठनाख्यायेति ।

२०. सामवेद की गौतमी शिक्षा में उल्लेख-अथ सप्ताक्षरमेकमुदाहृतं प्रातिशाख्ये ।

इन समस्त उल्लिखित प्रातिशाख्यों की जानकारी के लिये सविस्तर द्रष्टव्य डॉ. व्रजविहारी चौबे की प्रस्तावना, ऋक् प्राति. छात्रसंस्करण, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी ।

3

औच्चारणिक ध्वनिविज्ञान तथा पाणिनीय शिक्षा

डॉ. केदारनारायण जोशी

"ध्वन् " धातु में 'इ ' प्रत्यय के योग से निष्पन्न "ध्वनि " शब्द का प्रयोग संस्कृत के आचार्यों ने अनेक अर्थों में किया है । महर्षि पतञ्जलि के अनुसार "अर्थबोधक ध्वनि" ही लोक में शब्द कहा जाता है ।[१] साहित्यशास्त्र में ध्वनि , अनुस्वान् या अनुरणन के अर्थ में प्रयुक्त है । वैयाकरणों के शब्दज शब्द स्फोट[२] से प्रेरणा ग्रहणकर ध्वनिकार आचार्य आनन्दवर्धन ने व्यंग्यार्थ प्रधान काव्यविशेष को "ध्वनि" की संज्ञा प्रदान की है ।[३] अभिनवगुप्तपादाचार्य के अनुसार वाचक पद, वाच्य अर्थ, व्यंग्य अर्थ, व्यंजना व्यापार और व्यंग्यप्रधान काव्य पांचों ध्वनि हैं । सामान्यतया किसी भी वस्तु से किसी भी प्रकार का कुछ ऐसा हो, जो सुना जा सके, उसे "ध्वनि" कहते हैं । वैज्ञानिक दृष्टि से वायुमण्डलीय दबाव में परिवर्तन या उतार-चढ़ाव का नाम ध्वनि है । इस प्रकार ध्वनि का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है, किन्तु भाषा के संन्दर्भ में अथवा भाषा-विज्ञान में जिस ध्वनि पर विचार किया जाता है, वह इनती व्यापक नहीं है । व्यापक अर्थ में प्रयुक्त ध्वनि से भाषा के प्रसंग में प्रयुक्त ध्वनि को पृथक् करने के लिए भाषा वैज्ञानिकों ने इसे "भाषाध्वनि" अथवा 'वाक्स्वन' की संज्ञा से अभिहित किया है । तदनुसार "भाषाध्वनि" भाषा में प्रयुक्त ध्वनि की वह लघुतम इकाई है, जिसका उच्चारण और श्रोतव्यता की दृष्टि से स्वतन्त्र व्यक्तित्व हो ।[४] संक्षेप में भाषा में प्रयुक्त ध्वनि ही भाषाध्वनि है ।

ध्वनि अथवा स्वन के अध्ययन से संबद्ध शास्त्र अथवा विज्ञान को हिंदी में ध्वनिविज्ञान या ध्वनिशास्त्र अथवा स्वनविज्ञान तथा स्वनिमविज्ञान आदि नामों से तथा अंग्रेजी में फोनेटिक्स और फोनोलोजी नाम से अभिहित किया जाता है । इन दोनों का सम्बन्ध ग्रीक शब्द फोन से है, जिसका अर्थ "ध्वनि" है । "टिक्स " और

"लोजी " प्रयोगतः विज्ञान के समानार्थी हैं । इस प्रकार ये दोनों ही ध्वनि के विज्ञान हैं । आजकल "फोनेटिक्स" का प्रयोग ध्वनि के भाषानिरपेक्ष अध्ययन के लिए तथा "फोनोलोजी" का प्रयोग भाषा-विशेष की ध्वनियों की व्यवस्था के लिये किया जाता है, परन्तु इन दोनों पारिभाषिक शब्दों का प्रकृत प्रयोग भी सार्वभौम नहीं है ।

संस्कृत में ध्वनिविज्ञान का प्राचीन नाम "शिक्षाशास्त्र" है । यह छः वेदांगों में तथा वेदों का "घ्राण" है । यह शुद्ध उच्चारण का शास्त्र है । यह शास्त्र स्वर और व्यञ्जनों का शुद्ध उच्चारण तथा शब्दों के अर्थ का ठीक-ठीक बोध कराता है । यद्यपि यह शास्त्र बहुत पुराना है, तथापि इस पर लिखित ग्रन्थ अल्पमात्रा में ही उपलब्ध हैं । एक अनुश्रुति के अनुसार जैगीषव्य के शिष्य बाभ्रव्य इस शब्द के प्रवर्तक थे । ऋग्वेद के क्रमपाठ की व्यवस्था भी इन्होंने ही की थी । महाभारत के अनुसार आचार्य मालव ने एक शिक्षाशास्त्रीय ग्रन्थ की रचना की थी ।[५] इनका उल्लेख अष्टाध्यायी में भी मिलता है । डॉ. राजबली पाण्डेय के अनुसार पाञ्चाल बाभ्रव्य का ही दूसरा नाम गालव था ।[६] भारद्वाज ऋषि प्रणीत "भारद्वाजशिक्षा" नामक ग्रन्थ भाण्डारकर रिसर्च इंस्टीटयूट पूना से प्रकाशित हुआ था ।

"चारायणीशिक्षा" नामक ग्रन्थ की एक हस्तलिखित प्रति डॉ. कीलहार्न को कश्मीर में प्राप्त हुई थी । राजशेखर कृत काव्यमीमांसा में पाणिनि पूर्ववर्ती शब्दवित् आचार्य आपिशलि का उल्लेख है । पाणिनि के समय तक शिक्षाशास्त्र का पूर्ण विकास हो चुका था । "पाणिनीय-शिक्षा" इस विषय का प्रथम सुव्यवस्थित ग्रन्थ है । "शिक्षासंग्रह" नामक वाराणसी से प्रकाशित एक ग्रन्थ में गौतमशिक्षा, नारदीयशिक्षा, माण्डुकीयशिक्षा तथा भारद्वाजशिक्षा संगृहीत हैं । मूलतः वेदों के पृथक्-प्रपृथक् शिक्षाग्रन्थ थे, किन्तु आज यजुर्वेद का याज्ञवल्क्यशिक्षा, सामवेद की नारदशिक्षा, अथर्ववेद की माण्डुकीयशिक्षा ही उपलब्ध है । ऋग्वेद का कोई स्वतन्त्र शिक्षाग्रन्थ उपलब्ध नहीं है, उसके उच्चारण के लिए " पाणिनीय-शिक्षा" का ही उपयोग किया जाता है ।

ध्वनि का आरोह-अवरोह, उच्चारण की शुद्धता तथा उच्चारण की कालावधि का परिसीमन शिक्षाशास्त्र का प्रमुख प्रतिपाद्य है । इसके

वर्ण्यविषयों में वर्ण, स्वर, मात्रा, बल, साम और संतान इन छह की गणना होती है । "अ" ले लेकर "ह" तक समस्त स्वर-व्यंजन वर्णों के विविध उच्चारणस्थान सुनिश्चित हैं, जो क्रमशः कण्ठ, तालु, मूर्धा, दन्त और ओष्ठ हैं । शिक्षा ग्रन्थों में स्वरों के तीन भेद हैं - उदात्त, अनुदात्त और स्वरित । मात्राएं तीन हैं - ह्रस्व, दीर्घ और प्लुत । बल प्रयत्न को कहते हैं, जिसके दो प्रकार है - अल्पप्राण और महाप्राण । श्रुतिमधुर पाठ को साम तथा संधि को संतान कहते हैं । शिक्षा के इन छह विषयों के ज्ञान से ही भाषा का शुद्ध उच्चारण और अर्थबोध संभव है ।

भाषा का आरम्भ ध्वनि से होता है । ध्वनि के अभाव में भाषा की कल्पना भी नहीं की जा सकती है । यही कारण है कि भाषाविज्ञान का विषय ध्वन्यात्मक भाषा ही है । बोलते तो सभी हैं, पर कैसे बोलते हैं, ध्वनि कहां से और कैसे उत्पन्न होती है ? यह शरीरविज्ञान से परिचित व्यक्ति ही समझ सकता है, और वह भी तब तक इसे नहीं बता सकता जब तक कि उसने ध्वनिविज्ञान की दृष्टि से इस पर विचार न किया हो, क्योंकि शरीर विज्ञानी और भाषावैज्ञानिक की दृष्टि भिन्न होती है ।

ध्वनि की उत्पत्ति और विविध रूपों से उसकी अभिव्यक्ति के वैज्ञानिक रहस्य का ज्ञान प्राप्त करने के लिए आज के भाषावैज्ञानिकों को भी शिक्षाग्रन्थों की ही शरण में जाना पड़ता है । वर्णों की उत्पत्ति तथा वर्णों के विभाग का वैज्ञानिक निरूपण सर्वप्रथम भगवान् पाणिनि ने ही किया है । तदनुसार "अन्तःकरण स्वगत पदार्थों को अपनी वृत्ति से एक बुद्धि विषय बनाकर उन्हें जानने की इच्छा से मन को नियुक्त करता है, वही मन कायाग्नि को आघात करता है, वही कायाग्नि प्राणवायु को प्रेरित करता है । कायाग्नि से प्रेरित प्राणवायु हृदय में भ्रमण करता हुआ मन्द्र स्वर को उत्पन्न करता है, जो कि प्रातः सवनकर्म के साधनरूपी मन्त्रों के अनुरूप तथा गायत्री नामक छन्द से युक्त है ।[७] वही, प्राणवायु कण्ठदेश में भ्रमण करता हुआ त्रैष्टुप् छन्दोयुक्त माध्यन्दिन सवनकर्मसाधन मन्त्रोपयोगी मध्यम स्वर को तथा शिरोदेश में भ्रमण करता हुआ जगतीच्छन्दोयुक्त सायंसवनकर्म साधन-मन्त्रोपयोगी तारस्वर को उत्पन्न करता है ।[८] प्राणवायु ऊर्ध्व-प्रेरित हो,

मूर्धा में आघातित होकर तथा वक्त्रादि स्थान को प्राप्त कर वर्णों को उत्पन्न करता है,[९] जिनके पांच विभाग हैं - स्वर, काल, स्थान, आभ्यन्तर प्रयत्न तथा बाह्य प्रयत्न ।

ध्वनियों में वर्गीकरण के तीन प्रमुख आधार हैं - स्थान, करण और प्रयत्न । निःश्वास वायु को जहां बाधित या अवरुद्ध करते हैं, उसे स्थान कहते हैं । ओष्ठ से लेकर कण्ठच्छद तक अनेक स्थान हैं । काकल, कण्ठ, तालु, मूर्धा, वर्त्स, दन्त तथा ओष्ठ उच्चारण की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्थान है । प्रयत्न मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं--आभ्यन्तर और बाह्य । इनका सम्बन्ध मुखविवर के भीतरी तथा भाहरी भाग में हैं । मुखविवर के भीतर अर्थात् ओष्ठ से कण्ठ तक जो प्रयत्न किये जाते हैं, वे आभ्यन्तर कहलाते हैं तथा कण्ठ के बाद अर्थात् नीचे जो प्रयत्न होते हैं, वे बाह्य कहलाते हैं । आभ्यन्तर प्रयत्न चार माने गये है - स्पृष्ट, ईषत्स्पृष्ट, विवृत और संवृत । स्पर्श वर्णों का उच्चारण करते समय जिह्वा कण्ठ से लेकर ओष्ठ तक अनेक स्थानों का स्पर्श करती है, अतः स्पर्श वर्णों का आभ्यन्तर प्रयत्न स्पृष्ट माना गया है । य, व आदि कुछ ध्वनियां ऐसी है, जिसमें स्थान और करण का पूरा स्पर्श नही होता, वरन् थोड़ा-सा स्पर्श होता है । उन्हें ही ईषत्स्पृष्ट कहते हैं । प्राचीन पारिभाषिक शब्दावली में इन ध्वनियों को अन्तःस्थ तथा आजकल अर्धस्वर कहते हैं । विवृत प्रयत्न की आवश्यकता स्वरों के उच्चारण में होती है । इसमें मुखविवर पूर्णतः खुला रहता है । संवृत, विवृत का उलटा है । संवृत प्रयत्न का व्यावहारिक उपयोग नगण्य है । मुखविवर यदि पूर्णतः संवृत होगा तो उस स्थिति में ध्वनियों का उच्चारण सुना नहीं जा सकेगा ।

बाह्य प्रयत्न ग्यारह प्रकार है - विवर, संवर, श्वास, नाद, अघोष, घोष, अल्पप्राण, महाप्राण, उदात्त, अनुदात्त और स्वरित । बाह्य प्रयत्न मुख्य रूप से स्वरतन्त्री में होते हैं । "संवर" प्रयत्न में स्वरतन्त्रियां बंद रहती है । "श्वास" में स्वरतन्त्रियों की खुली स्थिति और बन्द दोनों प्रकार की होती है । "नाद" में स्वरतन्त्रियों में कम्पन होता है । प्रत्येक वर्ग के प्रथम और द्वितीय वर्ण अघोष तथा तृतीय, चतुर्थ और पंचम वर्ण घोष हैं । जिसे श्वास कहते हैं, वही अघोष है तथा नाद का ही दूसरा नाम घोष है । जिसमें थोड़ी वायु का प्रयोग होता है । वह

अल्पप्राण तथा जिसमें वायु का अधिक प्रयोग होता है, उसे महाप्राण कहते हैं। प्रत्येक वर्ग के प्रथम, तृतीय और पंचम वर्ण अल्पप्राण तथा द्वितीय और चतुर्थ वर्ण महाप्राण हैं। उदात्त, अनुदात्त और स्वरित का सम्बन्ध केवल स्वरों से है। उदात्त का अर्थ है – ऊपर उठा हुआ अर्थात् आरोही स्वर। अनुदात्त का अर्थ है – नीचे गिरा हुआ अर्थात् अवरोही स्वर तथा स्वरित का अर्थ है-"सम" अर्थात् जो न आरोही हो न अवरोही।

करण, गतिशील इन्द्रियों को कहते हैं। स्थान और करण में स्थिरता और चलनता का अन्तर होता है। अधरोष्ठ, जिह्वा, कोमल तालु, तथा स्वर तन्त्रीकरण की कोटि में गणनीय है। स्थान, करण और प्रयत्न के मेल से अनन्त ध्वनियां उत्पन्न हो सकती हैं। स्थान, करण और प्रयत्न का महत्त्व उदाहरण से सरलतापूर्वक स्पष्ट किया जा सकता है। "क" और "प" का अन्तर स्थानगत है, किन्तु "क" और "ख" का अन्तर प्रयत्नकृत है। करण का अर्थ इन्द्रिय है। जिस प्रकार एक ही स्थान अथवा प्रयत्न से समस्त ध्वनियों का उच्चारण संभव है, उसी प्रकार करण भी एक नहीं रहता। स्थान अचल होता है और करण चल। उदाहरण के लिये तालु स्थान है तो जिह्वा करण, क्योंकि जिह्वा की गतिशीलता के कारण अनेक स्थानों का स्पर्श होता है तथा अनेक प्रकार की ध्वनियां उत्पन्न होती हैं।

ध्वनियों का वर्गीकरण दो प्रकार से किया जाता है – स्वर और व्यञ्जन। "स्वतो राजन्ते" इस व्युत्पत्ति के अनुसार स्वर उसे कहते हैं, जिसका उच्चारण स्वयं हो, और व्यञ्जन वह है, जिसके उच्चारण में स्वर का सहयोग अनिवार्य हो। स्वर और व्यञ्जन की ये पारंपरिक परिभाषाएं आज अग्राह्य हो चुकी हैं। क्योंकि इनमें अतिव्याप्ति, अव्याप्ति दोष आ गये हैं, तथा अनेक उदाहरण इन परिभाषाओं की परिधि में आबद्ध नहीं हो पा रहे हैं। संयुक्त, स्वर, कात्स्न्र्य आदि अनेक उदाहरण इस दृष्टि से उल्लेखनीय हैं। "संयुक्त" में क् और त् का संयोग है। क् में कोई स्वर नहीं है, फिर भी उसका उच्चारण सरलतापूर्वक होता है। इसी प्रकार "स्वर" शब्द स् में कोई स्वर नहीं है, फिर भी उसका उच्चारण होता है। सम्पूर्णता के अर्थ में प्रयुक्त "कात्स्न्र्य" शब्द में र् त् स् और न् में चार व्यंजन बिना स्वर की सहायता से सरलतापूर्वक

सुस्पष्ट रूप से उच्चारित होते हैं । इस प्रकार व्यञ्जन के उच्चारण के लिए स्वर का सहयोग अनिवार्य नहीं है । आधुनिक भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से "स्वर" वे ध्वनियां हैं, जिनका उच्चारण करते समय निःश्वास में कहीं कोई अवरोध नहीं होता तथा "व्यञ्जन" वे ध्वनियां हैं, जिनका उच्चारण करते समय निःश्वास में कहीं न कहीं अवरोध होता है । अ,इ,उ ,ए, ओ आदि स्वरों के उच्चारण में बिना अवरोध के मुखविवर से श्वास-वायु के निकल जाने के बाद भी जो भेद परिलक्षित होता है, उसके अनेक कारण हैं, यथा जिह्वा की ऊंचाई, जिह्वा का उत्थापित भाग तथा ओष्ठों की स्थिति । जिह्वा की ऊंचाई के आधार पर स्वरों के विवृत, अर्द्धविवृत, अर्धसंवृत और संवृत ये चार भेद हो जाते हैं । जिह्वा के उत्थापित भाग के अनुसार स्वरों के अग्र, केन्द्रीय और पश्च भेद होते हैं । ओष्ठों की स्थिति के आधार पर स्वरों के प्रसृत, वर्तुल और अर्द्ध वर्तुल ये तीन भेद हो जाते हैं ।

स्वरों की भांति स्थान और प्रयत्न के आधार पर भी व्यंजनों का वर्गीकरण किया गया है । स्थान के आधार पर व्यंजनों के कण्ठ्य, तालव्य, मूर्धन्य, दन्त्य आदि भेद होते हैं । आभ्यन्तर प्रयत्न के आधार पर व्यंजनों के स्पर्श, स्पर्शसंघर्षी,संघर्षी, पार्श्विक, लोडित, उत्क्षिप्त, अन्तःस्थ अथवा अर्धस्वर तथा अनुनासिक ये आठ भेद भाषावैज्ञानिकों द्वारा स्वीकृत हैं । "पाणिनीयशिक्षा" में महर्षि पाणिनि ने ध्वनियों के वर्गीकरण के पांच आधार बताये हैं -स्वर, काल. स्थान, प्रयत्न और अनुप्रदान ।[१०] यहां "प्रयत्न" शब्द से आभ्यन्तर प्रयत्न अभिमत है तथा "अनुप्रदान" शब्द से बाह्य-प्रयत्न ।

ध्वनियों का उच्चारण करते समय स्थान, करण और प्रयत्न के अतिरिक्त कतिपय अन्य तत्व भी काम करते हैं, जिन्हें भाषावैज्ञानिकों ने "ध्वनि-गुण" की संज्ञा प्रदान की है । इनमें मात्रा, सुर, आघात और वृत्ति उल्लेखनीय है । ध्वनि -गुणों में "वृत्ति" का समाहार पाश्चात्य विद्वानों ने नहीं किया है, किन्तु यजुः-शाखीय "पाणिनीय-शिक्षा" में इसका उल्लेख है । तदनुसार वृत्ति के तीन भेद हैं-द्रुत, मध्यम और विलम्बित । वृत्ति का सम्यक् निर्वाह न होने से उच्चारण एवम् अर्थबोध दोनों उत्पन्न हो जाता है । स्वयं अभ्यास करते समय द्रुत, दूसरे से बात करने समय मध्यम और अध्यापन के लिये विलम्बित वृत्ति प्रशस्य

मानी गई है ।[११] भारतीय भाषा-वैज्ञानिक -परम्परा में मात्रा, स्वर, आघात और वृत्ति नामक ध्वनिगुणों का अत्यधिक महत्त्व माना गया है । स्वर या वर्ण की दृष्टि से अशुद्ध उच्चारण वांछित अर्थ को व्यक्त नहीं कर पाता । ऐसा अशुद्ध प्रयोग, प्रयोक्ता को नष्ट कर देता है, जिस प्रकार "इन्द्रशत्रु" शब्द में स्वर का गलत प्रयोग करने के कारण वृत्र का नाश हो गया है ।[१२]

औच्चारणिक भाषाविज्ञान से उपर्युक्त समस्त तत्वों का "पाणिनीय-शिक्षा" में अत्यन्त विशद तथा सूक्ष्म विवेचन किया गया है । तदनुसार ६३ या ६४ वर्ण हैं, जिसमें २१ स्वर, २५ स्पर्श, यादि ८ तथा ४ यम कहे गये हैं । अनुस्वार, विसर्ग, पराश्रित क् तथा प् दुःस्पृष्ट, तथा प्लुत-लृकार सहित ६४ वर्ण हैं । वर्णविदों ने स्वर, काल, स्थान, आभ्यन्तर-प्रयत्न तथा बाह्य-प्रयत्न से इनका पंचधा विभाजन किया है । पाणिनीय-शिक्षा के अनुसार उदात्त, अनुदात्त और स्वरित ये तीन स्वरभेद तथा ह्रस्व, दीर्घ प्लुत ये तीन स्वरनियम स्वर के विषय में कालकृत हैं ।[१३] उदात्त में निषाद एवं गान्धार, अनुदात्त में ऋषभ तथा धैवत और स्वरित में षड्ज, मध्यम तथा पंचम अन्तर्भूत हैं ।[१४] इसी प्रसंग में महर्षि पाणिनि ने वर्णों के उरः, कण्ठ, शिरः, जिह्वामूल, दन्त, नासिका तथा ओष्ठ नामक आठ, वर्णों के उच्चारण-स्थानों तथा विसर्ग की आठ गतियों का भी निरूपण किया है । तदनुसार वर्ण के पंचम वर्ण तथा अन्तःस्थ वर्ण से संयुक्त हकार उरःस्थानीय एवं असंयुक्त हकार कण्ठस्थानीय हैं ।[१५]

सवर्णसंज्ञोपयोगी स्थानों का निर्देश करते हुए पाणिनि ने बताया है कि "अ" तथा "ह" का कण्ठ, इ, चवर्ग य् और श् का तालु, "उ" तथा पवर्ग का ओष्ठ, " ऋ" टवर्ग, "र" तथा ष् का मूर्धा, "लृ" तवर्ग, ल् और स् का उच्चारण स्थान दन्त है ।[१६] क वर्ग का जिह्वामूल, "व्" का दन्तोष्ठ, ए, का कण्ठतालु, तथा ओ, औ का उच्चारण स्थान कण्ठोष्ठ है ।[१७]

महर्षि पाणिनि के अनुसार "ए-ऐ" में अर्धमात्रा तथा "ओ-औ" में एक मात्रा कण्ठ की होती है । उनके भी विवृत तथा संवृत प्रयत्न होते हैं ।[१८] संवृत की एकमात्रा तथा विवृत की दो मात्रा होती है । सभी घोष संवृत तथा सभी अघोष विवृत होते हैं ।[१९] स्वर तथा ऊष्म

वर्ण का प्रयत्न विवृत है । उनमें भी "एङ्" विवृततर तथा "ऐच्" विवृततम है ।[२०]

विभिन्न वर्णों के उच्चारण स्थानों के विशद निरूपण के साथ ही महर्षि पाणिनि ने समस्त वर्णों की उच्चारण विधि का भी सोदाहरण निरूपण किया है । तथा विधिपूर्वक उच्चारण करने की दिशा में सदैव रहने की प्रेरणा प्रदान की है । पाणिनि का स्पष्ट निर्देश है कि "अस्पष्ट तथा पीडित" उच्चारण नहीं करना चाहिये । सम्यक् रूप से वर्णों का उच्चारण करने से उच्चारण करने वाला व्यक्ति ब्रह्मलोक में पूजित होता है ।[२१]

इसी सन्दर्भ में षड्विध अधम पाठकों, उत्तम पाठकों, के क्रमशः अवगुणों का भी निरूपण किया है। तदनुसार "गाते हुए पढ़ने वाला, शीघ्र पढ़ने वाला, शिर हिलाते हुए पढ़नेवाला, स्तोत्र को पढ़ने वाला, अर्थ को बिना समझे पढ़ने वाला, अल्पपाठ का कण्ठस्थ पाठ करने वाला ये छः प्रकार के पाठक अधम हैं ।"[२२] महर्षि पाणिनि के अनुसार माधुर्य, स्पष्ट अक्षरों का उच्चारण, पदों का विभाग, सुस्वरता, सुन्दरता और लययुक्तता ये छः पाठक के गुण हैं ।[२३] वर्णों का उच्चारण किस प्रकार नहीं करना चाहिए[२४] तथा किस प्रकार करना चाहिए[२५] इसका सोदाहरण विवेचन किया है । तदनुसार प्रातःकाल उरः स्थित बाघ के समान गम्भीर स्वर से तथा मध्याह्न में कण्ठस्थित चकोर की ध्वनि के समान[२६] और सायंकाल मयूर, हंस तथा कोयल के स्वरों के समान शिरःस्थित नाद स्वर से पाठ करना चाहिए । इस प्रकार प्रातः गम्भीर स्वर में तथा सायंकाल तारस्वर में उच्चारण करने का निर्देश महर्षि पाणिनि ने दिया है ।[२७]

पाणिनीय-शिक्षा में भगवान् पाणिनि ने उच्चारण स्थानों की भांति वर्णों के आभ्यन्तर और बाह्य प्रयत्नों का वैज्ञानिक विवेचन भी किया है । तदनुसार स्वरों का अभ्यान्तर प्रयत्न अस्पृष्ट-विवृत, यण् का ईषत्पृष्ट तथा ईषत् विवृत, शल् का अर्धस्पृष्ट-ईषद् विवृत (अर्थात् यण् की अपेक्षा अधिक विवृत) शेष हल् वर्णों का स्पृष्ट प्रयत्न होता है ।[२८]

बाह्य-प्रयत्न के भेद से वर्ण-भेद का निरूपण करते हुए पाणिनि ने बतलाया है कि य, म, अनुनासिक, हकार तथा रेफ अनुनासिक से

रहित, ह तथा झष् का नाद-प्रयत्न होता है। यण् तथा जश् ईषन्नाद हैं तथा खफादि श्वास-प्रयत्न वाले हैं।[२९] चर् ईषद्श्वास वाला है।

इस प्रकार भगवान् पाणिनि ने स्वकृत "पाणिनीय-शिक्षा" में वर्णों की उत्पत्ति, उनके स्थान तथा प्रयत्न की वैज्ञानिक व्याख्या की है और शुद्ध उच्चारण की विधि का सोदाहरण विवेचन कर भाषा की सुरक्षा चिरस्थायिता का पथप्रदर्शन किया है। महर्षि पतञ्जलि ने महाभाष्य में इस तथ्य का सुस्पष्ट निर्देश किया है कि "एकः शब्दः सुप्रयक्तः सम्यग्ज्ञातः स्वर्गे लोके च कामुधक् भवति।"[३०] पाणिनीय-शिक्षा तथा अन्यान्य शिक्षा-ग्रन्थ इसी शुद्ध उच्चारण के शास्त्र हैं। भारतीय परम्परा में शिक्षाशास्त्र वाणी का धाम कहलाता है, जिसके प्रथम-प्रवर्तक भगवान् पाणिनि हैं। उन्होंने इस शास्त्र का प्रदर्शन कर ध्वनि-वैज्ञानिकों का पथ-प्रशस्त कर दिया है। औच्चारणिक-ध्वनिविज्ञान के क्षेत्र में भगवान् पाणिनि के इस महनीय योगदान के लिए विश्व के समस्त भाषावैज्ञानिक यावच्चन्द्रदिवाकर उनके ऋणी रहेंगे।

येन धौता गिरः पुंसा विमलैः शब्दवारिभिः।
तमश्चाज्ञानजं भिन्नं तस्मै पाणिनये नमः॥

सन्दर्भ

१. प्रतीतपदार्थको लोके ध्वनिः शब्द इत्युच्यते। पातञ्जलमहाभाष्य।

२. यः संयोगवियोगाभ्यां करणैरूपजन्यते। स स्फोटः शब्दजः शब्दो ध्वनिरित्युच्यते बुधैः॥ भर्तृहरि, वाक्यपदीयम्

३. यत्रार्थः शब्दो वा तमर्थमुपसर्जनीकृतस्वार्थौ। व्यङ्क्तः काव्यविशेषः स ध्वनिरिति सूरिभिः कथितः॥ आनन्दवर्धन-ध्वन्यालोक, १/२

४. डॉ. भोलानाथ तिवारी- भाषाविज्ञान, पृष्ठ २७०

५. वेदव्यास,-महाभारत, शान्तिपर्व-३४२/१०४

६. डॉ. राजबली पाण्डेय, हिन्दु धर्मकोश, पृष्ठ ६२७

७. पाणिनीय-शिक्षा -१

८. पाणिनीय-शिक्षा, ६-७

९. पाणिनीय-शिक्षा, ८-९
१०. पाणिनीय-शिक्षा, ९-१०
११. पाणिनीय-शिक्षा, २२
१२. महाभाष्य, पस्पशाह्निक
१३. पाणिनीय-शिक्षा, ११
१४. पाणिनीय-शिक्षा, १२
१५. पाणिनीय-शिक्षा, १६
१६. पाणिनीय-शिक्षा, १७
१७. पाणिनीय-शिक्षा, १८
१८. पाणिनीय-शिक्षा, १९
१९. पाणिनीय -शिक्षा, २०
२०. पाणिनीय-शिक्षा, २१
२१. पाणिनीय-शिक्षा, ३१
२२. पाणिनीय-शिक्षा, ३२
२३. पाणिनीय-शिक्षा, ३३
२४. पाणिनीय-शिक्षा, ३४-३५
२५. पाणिनीय-शिक्षा, ३७-३७
२६. पाणिनीय-शिक्षा, ३६
२७. पाणिनीय-शिक्षा, ३७
२८. पाणिनीय-शिक्षा, ३८
२९. पाणिनीय-शिक्षा -३९
३०. पातञ्जल-महाभाष्य

4

शिक्षा एवं प्रातिशाख्यों में वर्णोत्पत्ति का सिद्धांत

डॉ. त्रिभुवननाथ शुक्ल

०. प्राचीन भारतीय चिंतन में स्वनविज्ञान (= ध्वनि विज्ञान = फोनेटिक्स) का सूत्रपात ८००-९०० ई, पूर्व स्वीकार किया गया है ।[१] आज जिसे हम स्वनविज्ञान की संज्ञा से अभिहित करते हैं उसे भारतीय चितन में "शिक्षा" कहा गया है । डॉ. सिद्धेश्वर वर्मा का अनुमान है कि इसके लिए "उच्चारण शिक्षा सिद्धांत" शब्द का प्रयोग होता था ।[२] इसके लिए कहा गया है-शिक्षा स्वरवर्णोपदेशकं शास्त्रम् ।[३] इसी प्रकार पहले प्रातिशाख्यों के लिए "पार्षद" शब्द का प्रयोग किया जाता था, जोकि शायद अधिक सार्थक भी था । कई बार भाष्यकारों ने ऋक् प्राति. के लिये पार्षद् शब्द का प्रयोग किया है ।[४] कहा जाता है कि इनका यह नाम इसलिए पड़ा कि ये वैदिक समाज के विशेष वर्ग अर्थात् परिषद् या वर्गों से संबद्ध होते थे, जिनमें कि अन्य प्रसंगों के अतिरिक्त वैदिक मंत्रों के उच्चारण के लिए मौखिक प्रशिक्षण या खुली चर्चा के द्वारा ध्वनि विज्ञान के सर्वमान्य सिद्धांतों को प्रयुक्त किया जाता था । पार्षद् शब्द इस बात को भी जतलाता है कि इन ध्वनिशास्त्रीय ग्रंथों को दीर्घ काल तक लिपिबद्ध नहीं किया गया था । इसीलिए इनका मूल रूप यास्क के काल (५०० ई.पू.) से भी बहुत पहले विद्यमान रहा होगा, क्योंकि उसने स्वंय इसका उल्लेख किया है ।[५] इससे स्पष्ट है कि शब्द से सामान्य स्वन विज्ञान (Generral Phonetics) तथा प्रातिशाख्य से व्यावहारिक स्वन विज्ञान (Applied Phonetics) अभिप्रेत था । इस संदर्भ में राबिन्स ने लिखा है- "सैद्धांतिक चिंतन तथा अनुप्रयोग दोनों ही क्षेत्रों में भारतीय स्वन विज्ञान पश्चिम से बहुत आगे हैं ।"[६]

००.प्रकृत विषय आज की भाषा वैज्ञानिक अध्ययन प्रणाली में स्वनविज्ञान (= ध्वनि विज्ञान) की औच्चारणिक (Articulatory) शाखा

की परिधि में आता है । इस शाखा के अंतर्गत स्वनों की उत्पादन प्रक्रिया पर विचार किया जाता है । अन्य शाखाओं की अपेक्षा स्वनविज्ञान की यह शाखा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है और पूरे विश्व के भाषा वैज्ञानिकों ने इस पर गहन चिंतन किया है । इस शाखा के संबंध में सबसे अधिक सामग्री उपलब्ध है ।

वर्ण ही व्यक्त ध्वनियों की मूल इकाई होते हैं । शिक्षा एवं प्रातिशाख्यों में वर्णों की उत्पत्ति के मूलाधारों में स्थान, प्रयत्न और करणों का अध्ययन भाषा-विज्ञान के लिए परमोपयोगी है । भारतीय चिंतन में इन सभी पक्षों पर पहुत गहराई से विचार किया गया है । यहां केवल वर्णोत्पत्ति और तत्संबंधित संदर्भ-पक्ष का विवेचन किया जा रहा है ।

१.१ वर्णोत्पत्ति में वायु सिद्धांत

वर्णों की उत्पत्ति वायु से होती है और वह वायु आकाश से उत्पन्न होती है ।[७] इस आकाशवर्ती वायु में शब्द जलतरंग के समान विलीन रहता है ।[८] वायु में विलीन वे शब्द वायुरूपात्मक ही होते हैं ।[९] परंतु विवृत आकाश से व्यक्त वर्णों की उत्पत्ति नहीं होती इस प्रत्युत्तर के समाधान के लिए वाजसनेयि प्रातिशाख्यकार ने शरीराभ्यन्तरवर्ती[१०] आकाश एवं वायु की ओर संकेत करते हुए लिखा है कि शरीर में तीन[११] स्थानों से संघातित[१२] होती हुई वह वाक् (वर्ण) स्वरूप को प्राप्त होकर उच्चरित होती है ।[१३]

शरीरवायु शरीर के तीन स्थानों से समुत्थित होती हुई क्रमशः तीन स्तर की ध्वनियों को उत्पन्न करती है-

(१) उर से धीमी, (२) कंठ से ऊंची एवं मूर्धा से और ऊंची ध्वनि प्रयत्नानुसार उच्चरित होती है । तैत्तिरीय प्रातिशाख्य[१४] में इसका स्पष्ट उल्लेख मिलता है कि हृदय, कंठ एवं शिर से क्रमशः - मन्द्र, मध्यम एवं तार ध्वनि, व्याघ्र, चक्रवाक् एवं मयूर के गर्जन, गुञ्जन एवं कूजन के समान उच्चरित होती है ।

ऋक् प्रातिशाख्य के अनुसार शरीर में विद्यमान पांच प्रकार की वायु में से प्राण वायु को वर्णोच्चारण का उत्पादन कारण स्वीकार करते हुए कहा गया है कि प्राण वायु विवृत और संवृत अर्थात् श्वास और नाद इन दो अवस्थाओं से वक्ता के अधीन होकर संचारित होती हुई

वर्ण भाव को प्राप्त होती है[१५] तथा वायु की श्वास और नाद ये दोनों गतियां वर्णोत्पत्ति की मूल प्रकृति होती हैं।[१६]

ऋक्तन्त्र के प्रथम प्रपाठक में भी वाक् वृत्ति की उत्पत्ति का मूल कारण वायु को ही स्वीकार करते हुए लिखा गया है कि वायु ही इस शरीर में संचरण करती हुई आकाश (कण्ठावकाश) में पहुंचकर श्वास एवं सिर में नाद संज्ञक वाक् को उत्पन्न करती है ।[१७]

तैत्तिरीय प्रातिशाख्य में शरीरवर्ती वायु के क्रमशः उरः और कण्ठ के मध्य देश से समीरण करने से शब्दोत्पत्ति होती है ।[१८]

अथर्ववेद प्रातिशाख्य में-श्वास और नाद से स्वरों की उत्पत्ति घोष और अघोष ध्वनियों के रूप में होती है ।[१९]

वर्णोच्चारण शिक्षा में स्वरोत्पत्ति में वायु को ही मूल कारण माना गया है ।[२०]

पाणिनीय शिक्षा में स्वरोत्पत्ति में वायु को मूलकारण स्वीकार करते हुए वायु के उरः, कण्ठ और शीर्ष इन तीनों स्थानों से क्रमशः मन्द्र, मध्यम और उच्चस्वर उत्पन्न होते है--ऐसा माना गया है ।[२१] व्यास शिक्षा में वर्णित है कि देहस्थ वायु, आभ्यन्तर प्रयत्नों से मंद्रध्वनि उत्पन्न करती है ।[२२]

शंभु शिक्षा के अनुसार हृदय के प्रदेश में संचारित होती हुई (मनरूपी वायु) कायाग्नि[२३] को जब प्रेरित करती है तब मंद्र स्वरोत्पत्ति होती है ।

नारदीय शिक्षा षड्ज, ऋषभ, गांधार सातों स्वरों के लक्षणोल्लेखन में नाभि, कंठ और सिर से वायु आश्रित स्वर उत्पन्न होते हैं ।[२४]

आपिशालि शिक्षा के अनुसार - वर्णोत्पत्ति में मूलकारण वायु ही है।[२५] इसी शिक्षा के सूत्र क्रमांक आठ "नाभितल प्रकरण" में वर्णोत्पत्ति के संदर्भ में निम्नोल्लेख है-

"तत्र नाभिप्रदेशात् प्रयत्न प्रेरितः प्राणो नाम वायुरुर्ध्वमाक्रामन्नुरः प्रभृतीनां स्थानानामन्यतमस्मिन् स्थाने प्रयत्नेनविधार्यते । सविधार्यमाणोवायुः स्थानमभिहन्ति । तस्मात् स्थानभिघातात् ध्वनिरुपत्पद्यत आकाशे सा वर्ण श्रुतिः । स वर्णस्यात्मलाभः ।" [२६]

"शिक्षासूत्राणि" के संपादक युधिष्ठिर मीमांसक ने चन्द्र शिक्षा के सूत्र क्र. १ में स्थान, करण और प्रयत्न को वर्णोत्पत्ति का आश्रय माना हैं ।[२७]

१.२ वर्णोत्पत्ति में "विवक्षा" सिद्धांत

वर्णोत्पत्ति के संबंध में शिक्षा एवं प्रातिशाख्य ग्रंथों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि वर्णों की उत्पत्ति शरीराभ्यन्तरवर्ती वायु से होती है। जब शरीर के नाभितल से वायु उत्क्रमित होती है तब उर, कंठ और सिर (मूर्धा) से अभिघातित होता है। वायु की इस गति को श्वास एवं नाद संज्ञा दी गई है। परन्तु यह श्वास एवं नाद संज्ञक वायु अव्यक्त होती है। वायु से निष्पन्न व्यक्त ध्वनि को ही वर्ण कहते हैं। ये वर्ण वक्ता की ही इच्छा के अनुसार ही वक्ता के नाभितल से उद्गमित होते हैं। जिन तार्किक धारणाओं से युक्त वक्ता की विवक्षा होगी उन्हीं भावनाओं से गुम्फित वर्णों को वायु अनुप्रदान करती है।[२८]

पाणिनि ने वर्ण विज्ञान के सूक्ष्मतम उद्भव को शरीर विज्ञान कोष से अन्वेषित और परीक्षित करके आत्मा, बुद्धि और मन की एक रूपात्मक, प्रक्रियाओं को वक्ता की कायाग्नि को मरुत् (वायु) से प्रेरित किया है।[२९] यह विवक्षा सिद्धांत सर्वमान्य, वैज्ञानिक एवं अत्यन्त सूक्ष्म है।

ऋग्वेद प्रातिशाख्य के १३-३ पर वर्ण निष्पत्ति के संबंध में वक्ता के चेष्टात्मक गुण का संयोग वायु से होता है। तब वही वायु प्रयत्नों के द्वारा वर्णत्व को प्राप्त करके अनेक रूपात्मक वर्णों को प्राप्त हो जाती है।[३०]

उक्त विवक्षाधीन वायु, यंत्रात्मक शरीर के बाह्याभ्यंतर प्रयत्न स्थान और करण के अनुसार उच्चारण वैभिन्न से ह्रस्व , दीर्घ आदि भेदों के सृजन का कारण बनती है। प्रकृत निबंध के उपक्रम के अनुसार यह जानना आवश्यक है कि उत्तम वायु एवं विवक्षा से निष्पन्न वर्ण किन आधारों पर "वर्ण संज्ञा" को प्राप्त करते हैं।

१.३ वर्ण की मानसी सृष्टि का सिद्धांत (= अव्यक्त ध्वनि)

वर्णोत्पत्ति के संबंध में महामुनि ने आत्मा, बुद्धि, मन, कायाग्नि और मरुत इन पांच कारणों को उद्धृत किया है।[३१] ये पांचों कारण अव्यक्त ध्वनि की उत्पत्ति में मूलकारण है। जब तक ध्वनि शरीर गह्वर में संचरण करती रहती है तब तक वह अव्यक्त ध्वनि के रूप

में रहती है । आचार्य शौनक ने ऋक् प्रा. के मंगलाचरण में ऋचाओं का लक्षण, अव्यक्त ध्वनि के सूक्ष्मतम स्वरूपों का चिंतन करते हुए लिखा है[३२] कि सद् और असद् स्वरूप वह ब्रह्म, वेदात्मा, वेदनिधि और वेदगर्भ आदि विशेषणों से युक्त मनसा ध्यानगम्य है ।[३३] और अव्यक्त परब्रह्म के स्वरूप को शब्द ब्रह्म के द्वारा ही जाना जा सकता है ।[३४] एवं उस शब्दब्रह्म के स्वरूप को ऋग्वेद की संहिता के अनुसार चार स्वरूपों में विभक्त किया गया है ।[३५] वाणी के इन चार रूपों में प्रथम तीन (परा, पश्यन्ती, मध्यमा) मनीषियों के मानस पटल द्वारा चिंत्य (ध्यानगम्य) हैं, तथा "वैखरी" नामक चतुर्थवाणी व्यक्त रूप में वेदों में वर्णित है । अतएव परा, पश्यन्ती और मध्यमा ये तीनों, वाणी के स्वरूप योगियों की मानसी सृष्टि के प्रथम कारण हैं । "ऋषयो मंत्र द्रष्टारः" इस विवृत्ति के अनुसार मनीषी ऋषिगण अपने मन में ही सर्वप्रथम देश, काल के अनुसार मंत्रों के प्रतिचरण में स्वर, वर्ण और मात्रा की शक्ति सन्निहित कर देते हैं। इसी मंत्र राशि के सशक्त मानसिक सृजन को वेद[३६] कहते हैं । वेद और आत्मा का अन्योन्य संबंध स्पष्ट करने के लिए आचार्य शौनक ने मंगलाचरण में " वेदात्मा" विशेषण दिया है ।[३७] वाक् विवक्षा में मन ही वृद्धि के द्वारा आत्मा को प्रेरित करता है तभी अव्यक्त ध्वनि की मानसी सृष्टि होती है ।

इसी संदर्भ में आचार्य माण्डूकेय और उनके ज्येष्ठ पुत्र के बीच वाणी और मन की पूर्वापरता के संबंध में जो विवाद हुआ है, उसका प्रतिष्ठापन इस प्रकार किया गया है-- माण्डूकेय के अनुसार वक्ता को सर्वप्रथमवर्ण में वाणी की दृष्टि और उत्तरवर्ण में मन की दृष्टि करनी चाहिए। परंतु माण्डूकेय के ज्येष्ठ पुत्र इसके ठीक विपरीत कहते हैं कि पूर्व वर्ण में वक्ता को मन का ध्यान होना चाहिए और उत्तर वर्ण में वाणी का ध्यान करना चाहिए ।[३८]

विवृत्तिभाष्य में इसी आशय को स्पष्ट किया गया है ।[३९]

१.३ वर्णोत्पत्ति के पूर्व ध्वनि की स्थिति

वर्णभाव को प्राप्त होने से पूर्व ध्वनि अव्यक्त रूप में वायु आत्मा, बुद्धि और मन में विलीन रहती है ।[४०] यह ध्वनि विवक्षाधीन रहती है । यही शरीराभ्यंतरवर्ती वायु क्रमशः उर (हृदय) कण्ठ मार्ग से सिर

से अभिघातित होकर वर्णो के स्वरूप में उच्चारित होती है ।[४१] ध्वनि की यह प्रथम प्रस्फुटित अवस्था स्वर के रूप में स्फुरित होकर क्रमशः स्वर, काल, स्थान, प्रयत्न और अनुप्रदान इन पांच उपादानों से निष्पन्न होकर वर्णस्वरूप को प्राप्त होती है ।[४२] यही ध्वनि की व्यक्त ावस्था है । ऋग्वेद प्रातिशाख्य में शब्दब्रह्म की महत्ता के संबंध में विष्णुमित्र भाष्य वृत्तिकार ने "अव्यक्तावस्था-व्यक्तावस्था की और स्फुटित होंने वाली ध्वनि (वाणी) की सात अवस्थाओं का उल्लेख किया है । ये सात अवस्थाएं हैं -

(१) उपांशु, (२) ध्वान, (३) निमद, (४) उपब्दिमत्, (५) मन्द्र, (६) मध्यम, (७) तार, ।[४३]

१.३ १. उपांशु का अर्थ है - बिना शब्द किए मन ही मन में किया जाने वाला उच्चारण अर्थात् कानाफूसी करते समय का उच्चारण । उपांशु अवस्था में वक्ता की चेष्टा के अनुसार प्रयत्न तो होता है । तै. प्रा. में कहा गया है कि करण व्यापार से युक्त शब्दरहित ध्वनि की अवस्था को उपांशु कहते है ।[४४] इसी को आज की भाषावैज्ञानिक शब्दावली में जपित स्वर कहते हैं ।

१.३.२ ध्वान से तात्पर्य उच्चारण की उस अवस्था से है जिसमें स्वर तथा व्यंजनों के भेद का ज्ञान न हो । "ध्वान" ध्वनि के उत्पत्ति का निकटतम स्वरूप है । ध्वान में ध्वनि होती है परन्तु स्वरों और व्यंजनों के भेद का ज्ञान नहीं होता ।

१.३.३ निमद से तात्पर्य उस उच्चारण से है जिसमें स्वरों एवं व्यजनों का भेद ज्ञान हो जाए । यह ध्वनि का तीसरा स्थान है तथा ध्वान के बाद की स्थिति होने के कारण निमदावस्था में अक्षर और व्यंजनों के स्वरूपों का ज्ञान होता है ।[४५]

१.३.४ उपब्दिमत् का अर्थ है - उच्चध्वनि से किया जाने वाला उच्चारण । इस अवस्था में अक्षर और व्यंजनों वर्णों की सशब्द उपलब्धि होती है ।[४६]

१.३.५. मन्द्र से तात्पर्य है-हृदय में उच्चारित होने वाला वर्णों का स्थान । तै.प्रा. में इसके स्वरूप के विषय में कहा गया है कि हृदय प्रदेश से व्याघ्र के समान मन्द्र ध्वनि उत्पन्न होती है ।[४७]

१.३.६ मध्यमावस्था से तात्पर्य है-कण्ठ में उच्चारित होने वाला

वर्णों का स्थान। तै.प्रा. के अनुसार इसमें चक्रवाक के कूजने के समान ध्वनि होती है।[४८]

१.३.७ "तार" वाणी से तात्पर्य है-उच्चध्वनि से उच्चारण। इसमें मयूर हंस या कोकिल के समान तीव्र ध्वनि होती है।[४९]

उपर्युक्त वाणी के सात स्थानों में से उपांशु और ध्वान इन दोनों अवस्थाओं में वर्ण विवक्षाधीन रहते हुए अव्यक्त या अश्रुत रूप में ध्वनि में समाहित रहते हैं। तत्पश्चात् क्रमशः निमदादि स्थानों में संचरित होती हुई ध्वनि वर्ण विशेष के विभिन्न स्वरूपों में व्यक्त होती है।

तै.प्रा. में वर्ण विशेष की उत्पत्ति[५०] के संदर्भ में पांच "करणों" के द्वारा ध्वनि वर्ण विशेष के स्वरूप को प्राप्त हो जाती है। ये पांच करण हैं-

(१) अनुप्रदान, (२) संसर्ग, (३) स्थान, (४) करण और (५) परिणाम।[५१] इन्हीं पांच करणों के द्वारा वर्ण वैभिन्न होता है। ये ही व्यक्त ध्वनि के उपादान कारण हैं। इन्हीं उपादान कारणों से उत्पन्न विभिन्न मिश्रित वर्ण "शब्द" या वाणी के रूप में गुंफित हो जाते हैं।[५२]

२.० वर्ण संज्ञा : आधार एवं नामकरण

प्रथम चरण में वर्णोत्पत्ति के विश्लेषण के अनुसार वक्ता की आत्मा, बुद्धि एवं मन में अव्यक्त रूप से वर्ण एवं शब्दों की सृष्टि की बात स्पष्ट हो जाती है। अब दूसरे चरण का विवेच्य विषय है - व्यक्तावस्था में सर्वप्रथम वर्णाभिधान कब और किस रूप में हुआ।

"वर्णसंज्ञा" का अभिधान-यह विषय अत्यंत गूढ़ है। कारण कि प्राचीन वैदिक साहित्य से लेकर संहिता ग्रन्थों, आरण्यक एवं ब्राह्मण ग्रंथों के विभिन्न उपाख्यानों में सर्वप्रथम वाक् शब्द का प्रयोग किया गया है। वहां वाक् के चार रूपों (१) (परा), (२) पश्यंती, (३) मध्यमा और (४) वैखरी को स्वीकार किया गया है। इन चार रूपों में से तीन रूप योगियों द्वारा गम्य हैं और चतुर्थ वैखरी रूपा वाक् (व्यक्त वाक्) लौकिक प्राणियों के द्वारा श्रव्य एवं उच्चार्यमाण होती है।

ऐतरेय आरण्यक में ध्वनि विज्ञान के विभिन्न स्वरूपों का व्यापक

विश्लेषण मिलता है, जिसका विवेचन यहां न तो संभव है और न ही अपेक्षित । फिर भी प्रमाणस्वरूप एक उदाहरण प्रस्तुत है–

पृथिव्याः रूपं स्पर्श अन्तरिक्षस्योष्माणो दिवः स्वराः अग्नेः रूपं स्पर्शावायोरूष्माणा आदित्यस्य स्वराः ऋग्वेदस्य रूपं स्पर्शाः यजुर्वेद-स्योष्माणः सामवेदस्य स्वराश्चक्षुषो रूपं स्पर्शाः श्रोत्रस्योष्माणो मनसः स्वराः प्राणस्य रूपं स्पर्शा अपानस्योष्माणो व्यानस्य स्वराः । (ऐतरेय आरण्यक, ३-२-५) ।

तै.प्रा. में वर्ण संज्ञा का विधान इस प्रकार किया गया है कि "कार" है उत्तर में जिसके वह "वर्ण" संज्ञक होता है ।[५४] जैसे "अ" -कार । वैदिकाभरण भाष्य में वर्ण संज्ञा का प्रयोजन बताते हुए भाष्यकार ने लिखा है कि "वर्ण" शब्दों के स्वरूप होते हैं इसीलिये किसी "वर्ण" के अतं में कार पद के प्रयोग से उस वर्ण का नामकरण आख्या होता है ।[५५] इसी संदर्भ में लिखा गया है कि अकार से अव्यहित ऐसा वर्ण जिसके उत्तर में "कार" प्रत्यय जुड़ा रहता है वह व्यंजन संज्ञक होता है ।[५६] "वर्ण" शब्द और "कार" शब्द वे दोनों ही वर्णों के स्वरूप बोधक होते हैं ।[५७] जैसे वर्ण –अवर्ण, इवर्ण । तथा कार अकार, ककार, इत्यादि ।

तै.प्रा. में कहा गया है कि सभी वर्णों के मूलकारण शब्द (ध्वनि) होते हैं ।[५८] त्रिभाष्यरत्नकार ने इस संदर्भ में शब्द का पर्यायवाची "ध्वनि" का प्रयोग किया है ।[५९] तथा वर्ण शब्द से स्वर और व्यंजन दोनों वर्णो को स्वीकार किया है ।[६०] वर्णों के लिये "राशि" पद का भी प्रयोग किया गया है ।[६१] तै.प्रा. के वैदिकाभरणभाष्य में वर्ण की परिभाषा दी गई है कि "जो वर्णित होते हैं तथा व्यक्त रूप से ध्वनित होते हैं उन्हें वर्ण कहते हैं जैसे अकार आदि ।[६२] वाजसनेयि प्राति. में "वर्ण" शब्दाभिधान वर्ण–दोष प्रकरण में किया गया है ।[६३] ऋक्तंत्र[६४] ऋग्वेद प्राति. में वर्ण संज्ञा का स्पष्ट उल्लेख किया गया है ।[६५]

२.१ वर्णों की "रंग " संज्ञा

"वर्ण" शब्द का प्रयोग ऋग्वेद में सर्वप्रथम 'रंग' एवं 'जाति' के अर्थ में हुआ है । [६६-६७] नारदीय शिक्षा में ध्वनि का संबंध रंग से समन्वित किया गया है ।[६८] पाणिनीय शिक्षा में भी वर्णों के लिये रंग

संज्ञा का विधान किया गया है ।[६९]

याज्ञवल्क्य शिक्षा में वर्णों का विवेचन करते हुए लिखा है- स्वर अनेक रंग अर्थात् वर्ण के होते हैं ।[७०]

यद्यपि नारदीय शिक्षा में संगीत के स्वरों के संदर्भ में वर्ण संबंधी उल्लेख है तथापि अन्यत्र मात्र वर्ण के रंग बतलाए गए हैं ।

वर्णों की "स्वर" संज्ञा

ऋ.प्रा. के अनुसार जो स्वंय शब्दायान होते हैं उन वर्णों की स्वर संज्ञा होती है ।[७१] ऋक् प्राति. के अनुसार वर्णों की स्वर संज्ञा होती है ।[७२] पाणिनीय शिक्षा की पञ्जिका के भाष्यकार का आशय है - क्योंकि स्वर स्वयं शब्दायमान होते हुए व्यञ्जन वर्णों के उच्चारण में सहायक होते हैं इसीलिये इन्हें स्वर संज्ञक वर्ण कहा गया है ।[७३] तै.प्रा. में वर्ण समाम्नाय के आदि वर्ण से लेकर सोलह वर्णों की स्वर संज्ञा का विधान किया गया है ।[७४] व्यास शिक्षा में स्पष्ट रूप से संज्ञा का विधान एवं स्वर संज्ञक वर्णों का उल्लेख किया गया है ।[७५] इसी शिक्षा में स्वर को परिभाषित भी किया गया है [७६] तथा वर्णों की गणना करते हुए स्वर संज्ञा का भी विधान किया है ।[७७]

याज्ञवल्क्य शिक्षा के पूर्वार्द्ध में स्वर-संज्ञक वर्णों के संकेत के लिये "स्वरा राः" पद का प्रयोग किया है [७८] तथा उदात्तानुदात्त स्वरितादि भेदों में स्वर-संज्ञक वर्णों को प्रयुक्त किया है ।[७९] इसी प्रकार पाणिनीय शिक्षा में भी स्वर संज्ञा का विधान करते हुए स्वर वर्णों की गणना की गई है ।[८०]

स्वनविज्ञान की पूर्वपीठिका वर्णोत्पत्ति का जितना सूक्ष्म एवं निर्विकल्पक प्रयोग शिक्षा एवं प्रातिशाख्यों में हुआ उसे देखते हुए प्राचीन भारत के स्वनविज्ञान की सुदीर्घ परंपरा की स्वतः बात पुष्ट हो जाती है ।

कुछ निष्कर्ष -

१. व्यक्त वर्णों की उत्पत्ति विवृत आकाश से नहीं होती अपितु शरीर के तीन स्थानों-उर, कंठ से होती है । अर्थात् वर्णों की उत्पत्ति शरीराभ्यन्तरवर्ती वायु से होती है ।

२. वर्णोत्पत्ति के मूल में वक्ता की विवक्षा प्रमुख हैं ।

३. भारतीय परम्परा वर्णोत्पत्ति का मूलाधार मानसी सृष्टि को मानती है । इस मानसी सृष्टि के करण हैं, वाणी के तीन स्वरूप-परा, पश्यंती और मध्यमा ।

४. व्यक्त ध्वनि के उपादान कारण हैं-अनुप्रदान, संसर्ग, स्थान, करण और परिणाम ।

५. वाक् के चाँर रूपों-परा, पश्यन्ती , मध्यमा और वैखरी को स्वीकार किया गया है । वैखरी रूपा वाक् (व्यक्तवाक्) ही लौकिक प्राणियों द्वारा श्रव्य एवं उच्चार्यमाण है ।

संदर्भ

१. देखें "प्राचीन भारतीय वैयाकरणों के ध्वन्यात्मक विचारों का अनुशीलन, " पृ.२.

२. वही, पृ. ६.

३. ऋक् प्राति., (बनारस संस्करण) पृ. १०

४. उदा., विष्णु-मित्र, ऋक् प्राति., (बनारस) पृ. १०-१०,

५. डॉ. सिद्धेश्वर वर्मा. 'प्रा.भा. पै.के. ध्व.वि.का अनु.' पृ. १४

६. What is more remarkable about Indian Phonetic work is its manigest superiority in conception and execution as compared with any thing produced in the west.
A short History of Linguistics, p. 141.

७. वायुः रूयातः,। वाज. प्रा., १-६

८. शब्दस्तत्ः । वही १-७

९. शब्दस्तदात्मको वायुवात्मक इत्यर्थः । वा.प्रा., १-७ पर उव्वट भाष्य

१०. शरीरात् शरीरम् शरीरे । वा.प्रा.,

११. त्रीणि स्थानानि । वा.प्रा., १.-१०

१२. सङ्करोपहितः । वा.प्रा., १.८.

१३. स सङ्घातादीन् वाक् । वा.प्रा., १-९

१४. उरसि मन्द्रं कण्ठे मध्यमं शिरसि तारम् । तै.प्रा., २३.१०

१५. वायुः प्राणः कोष्ठ्यमनुप्रदानं कण्ठस्य खे विवृते संवृते वा आपद्यते नादतां वा वक्त्रीहायाम् । अ. पा., १३-१

१६. ता वर्णानां प्रकृतयो भवन्ति । ऋ. प्रा., १३.३

१७. अथ वाचो वृत्ति। वायुं प्रकृतिमाचार्याः। वायुर्मूर्छच्छवासो भवति नाद इति शाकटायनः ।.....स खलु खे विशेषं प्रतिपन्नः कण्ठं प्रतिपन्नः श्वसितिर्भवति । स श्वसितिः शिरः प्रतिपन्नः आकाशमद्वारकं नदतिर्भवति। ऋक्तंत्र, १.१.

१८. वायुः शरीरसमीरणात् कण्ठोरसोः सन्धाने। तै.प्रा., २. देवनागरी-२

१९. श्वासोऽघोषेष्ठानुप्रदानः । नादो घोषवत्स्वरेषु । अथर्व प्रा., १.१२-१३

२०. आकाशो वायुप्रभवः शरीरात्समुच्चरन् वक्त्रमुपैति नादः ।
स्थानान्तरेषु प्रविभज्यमानो वर्णत्वमागच्छति यः स शब्दः ॥
-वर्णोच्चारणशिक्षा, सूत्र ३ (पाणिनि प्रणीत)

२१. मरुतस्तूरसि चरन्मन्द्रं जनयति स्वरम्।
प्रातः सवन यागं तं छन्दो गायत्रीमाश्रितम्॥
कण्ठे माध्यन्दिनयुगं मध्यमं त्रैष्टुमानुगम्।
तारं तार्तीय सवनं शीर्षण्यं जागतानुगम्॥
सोदीर्ण मूर्ध्न्यंयभिहतो वक्त्रमापद्य जागतानुगम्॥
वर्णोज्जनयते तेषा विभागः पञ्चधा स्मृतः॥
पा.शि.प्र., ७.८.९.

२२. वायौचरत्युरस्यन्तर्मन्द्र उद्भवति ध्वनिः । व्यास शिक्षा, २४.३८९

२३. मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम्।
मारुतस्तूरसि चरन् मन्द्रं जनयति स्वरम्। वही, २४.३८९

२४. वायुः समुत्थितो नाभेः कण्ठशीर्ष समाहतः ।
नर्दत्यृषभवत् यस्मात्तस्मात् ऋषभ उच्यते ॥
नारादीय शि., प्रथम प्रपाठक, ५.८.९०

२५. आकाश वायु प्रभवः शरीरात्
समुच्चरन वक्त्रमुपैति नादः ।
स्थान्तरेषु प्रविभज्यमानो
वर्णत्वमागच्छति यः स शब्दः ॥
आपिशाली शि, श्लोक. क्र.एवं पाणिनीय. वृहद् पाठ कं. १

२६. (अ) आपिशाली शिक्षा सूत्राणि सूत्र क्र. ८ पृ.६
(ब) एवं पाणिनीय सूत्राणि, सूत्र, क्रं. ८ पृ. २३
२७. स्थान-करण-प्रयत्नेभ्योः वर्णा जायन्ते । चान्द्रवर्ण सू.क्र. १
२८. टिप्पणी - १. अनुप्रदान वायुमनु प्रदीयत इत्यनुप्रदानम् । अनु + प्र + दा धातु । अ. प्रा., में १३-१ पर उव्वट भाष्य ।
२. तै.प्रा. के भाष्य में कहा गया है कि 'अनु प्रदीयतेऽनेन वर्ण इत्यनुप्रदानं मूलकारणम् । अनुप्रदीयते उपादीयते जन्यत इत्यर्थः'। तै प्रा., भा. २.८.
२९. आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युङ्क्तेविवक्षया । मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ।। पाणिनीय शि.सू., क्र.६.
३०. प्रयोक्तुरीहागुणा सन्निपाते, वर्णीभवन्गुण विशेषयोगात् । एकःश्रुती कर्मणाप्नोति वह्नीः । ऋ.प्रा., १३.१३
३१. आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युङ्क्ते विवक्षया ।
मनः कायाग्निमाहन्ति स प्रेरयति मारुतम् ।। पा.शि., ६
३२. परावरे ब्रह्मणि यं सदाहुर
वेदात्मानं वेद निधिं मुनीन्द्राः ।
तं पद्मगर्भं परमं त्वादिदेवं
प्रणम्यर्चां लक्षणमाह शौनकः ।।
-ऋ. प्रा., वि.वृ., मंगलाचरण ।
३३. द्वे ब्राह्माणी वेदितव्ये शब्दब्रह्मपरं च यत् । शब्द ब्रह्माणि निष्णातः परं ब्रह्माधिगच्छति ।। ऋ.प्रा., विष्णु वि.
३४. परं नाम मनसाध्यानगम्यं सद् सदात्मकं वेदान्तेषु यदुच्यते । तथा तवेदात्मानं हृदयं मनश्च ।
इति शब्दज्ञान पूर्वकं परब्रह्म ज्ञानम् । ऋ.प्रा., मंगलाचरण, वि.वि. ।
३५. चत्वारिवाक् परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः । गुहा त्रीणि निहिता नेङ् गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति ।। ऋक् संहिता, १.१६४.४५.
३६. विद्यते ज्ञायते लभ्यते त्रैभिर्धर्मादिपुरुषार्थ इति वेदाः ।
मन्त्रब्राह्मणयोर्वेद नामधेयम् । तत्र व्यभिचारेण तात्स्वर वर्णमात्रापूर्वक पाठः ।

३७. सर्वकालं सर्वदेशेषु प्रतिचरणं मभिभागे नेकैको मन्त्र राशिर्वेद इत्युच्यते। अत सातत्यगमने "सत हं सर्वदा सर्वदेशे सर्वकाले भोक्तृत्वेन च स्रष्टृत्वेन च अतति गच्छति इत्यात्मा।

३८. आध्यात्म क्लृप्तौ शूरवीरः सुतश्च।
वाङ्मनसयो विवदन्त्यानुपूर्व्ये ।।
ऋ.प्रा. वि.वि., मंगला., क्रमांक-३

३९. वाक्पूर्वरूपं मन उत्तर रूपं प्राणः संहिता इत्येकः।
अपस्तद्विपरीतमाहः मनः पूर्वरूपं वागुत्तररूपं इति ।।
- ऋक प्रा., विवृत्तिभाष्य, ३

४०. आत्मा बुद्ध्या समेत्यर्थान् मनो युङ्क्तेविवक्षया।
मनः कायाग्नि माहन्ति स प्रेरयति मारुतम्। पा. शि., ६

४१. मरुतस्तूरसि चरन्मन्द्रं जनयति स्वरम्।
प्रातः सवनयागं तं छन्दो गायत्रमाश्रितम् ।।
कण्ठे माध्यन्दिनयागं मध्यमं त्रैष्टुभांनुगम्।
तारंतातीर्यसवनं शीर्षण्यं जागतानुगम्।
सोदीर्णो मूर्ध्न्यभिहतो वक्त्रमापाद्य मारुतः।
वर्णाञ्जनयते तेषां विभागः पञ्चधा स्मृतः ।। पा.शि., ७-८-९

४२. स्वरतः कालतः स्थानात् प्रयत्नानुप्रदानतः।
इति वर्णविदः प्राहुर्निगुणं तन्निबोधतः ।। पा.शि., १०

४३. उपाँशुध्वाननिमदोपब्दिमन्मन्द्रमध्यमताराणि। तै. प्रा., २३.५

४४. करणावदशब्दगमनः प्रयोगमुपाँशु। तै.प्रा., २३.६

४५. अक्षरव्यञ्जनानामनुपलब्धिध्वनिः। तै.प्रा., २३.७

४६. उपलब्धिनिमिदः। तै.प्रा., २३.८.

४७. उरसि मन्द्रम्। तै.प्रा., २३.१०

४८. कण्ठे मध्यमम् वही, २३.११

४९. शिरसि तारम्। वही, २३.१२

५०. अथ वर्णविशेषोत्पत्ति। तै.प्रा. २३.१

५१. अनुप्रदानात्संसर्गात् स्थानात्करणविन्यासात् जायते वर्ण वैशेष्यं

५२. परिणामाच्च पञ्चमादिति। तै.प्रा., २३.३.

५३. वर्णपृक्तश्शब्दो वाच उत्पत्तिः। तै.प्रा., २३.३

५४. वर्णः कारोत्तरो वर्णाख्या। वही, १.१६

५५. वर्णशब्द स्वरूपं कारशब्दोत्तरस्य तस्य वर्णस्य आख्या भवति ।
-तै.प्रा., वैदि. भा., १-१६
५६. अकारव्यवेतो व्यञ्जनानाम् ।। तै.प्रा., १-१७
५७. वर्णकारो निर्देशको ।। वही, २२.४
५८. शब्दः प्रकृतिस्सर्ववर्णानाम् । तै.प्रा., २२.१
५९. सर्ववर्णानां शब्दः ध्वनिः प्रकृतिमूलकारणं भवति । वही, २२.१
६०. वर्णशब्देन स्वर व्यञ्जनात्मको राशिरुच्यते ।। वही
६१. अनादिनिधनो विभुः एकश्शब्दो ब्रह्मव्यपदेशभाक् सर्वेषां वर्णानां प्रकृतिरुपादान कारणं भवति । तै. प्रा., वैदिकाभरणभाष्य, २२.१
६२. तस्य रूपायन्यत्वे वर्णान्यत्वम् । तै.प्रा., २२.२
६३. वर्णदोषविवेकार्थम् ।। १.२६
६४. अर्थ वर्णाः संज्ञा प्रत्याहार समाः ।। १.१
६५. इति वर्णराशि क्रमश्च । १.१०
६६. येनेमा विश्वा च्यवना कृतानि वे दासं वर्णमधरं गुहाकः।
श्वध्नीय यो जिगीवाँ लक्षमाददर्यः पुष्टानि सजनास इन्द्रः ।।
२.१२.४
६७. रुशद्वत्सा रुशती स्वेत्यागादारैगु कृष्णा सदनान्यस्याः ।
समान बन्धु अमृते-अनूची, द्यावा वर्ण चरत अभिनाने ।। १.११३.२
६८. पद्मपत्रप्रभः षड्जः ऋषभः शुकपिञ्जरः ।
कनकाशस्तु गान्धारो मध्यमः कुन्द सप्रभः ।।
पञ्चस्तु भवेत् कृष्णः पीतकं धैवतं विदुः ।
निषादः सर्ववर्णः स्यादित्येता स्वरवर्णता ।। ८४.१-२
६९. यथा सौराष्ट्रिका नारी तक्रँ इत्यभिभाषते ।
एवं रंङ्गानुप्रयोक्तव्याः खेअरां इव खेदया ।। २६ ।।
रंगवर्ण प्रयुञ्जीरन् .....।। २७ ।।
.......रङ्गस्यैवं द्विमात्रता ।। २८ ।।
.......स रङ्गं कम्पयेत् कम्पं रथीवेति निदर्शनम् ।। ३० ।।
७०. तत्रस्वराः शुक्ला नाना दैवत्याः स्पर्शाः कृष्णाः अन्तस्थाः कपिलाः उष्माणोऽरुणाः। यमनीलाः । अनुस्वारः पीतः । विसर्जनीयः श्वेतः । जिह्वामूलीयो रक्तः । उपध्मानीयः पीतः। नासिक्यो हरितः । अतिनीला अनुनासिक्याः । शबलो रङ्गः।। उत्तरार्ध-१

७१. स्वर्यन्ते शब्द्यन्त इति स्वराः । १-३

७२. एते स्वराः । १-३

७३. स्वरा इति स्वृ-शब्दोपपातयोः स्वर्यन्ते शब्द्यतेऽनेन व्यञ्जनमिति करणे च प्रत्ययः । (पा.शि., ४ पर पंजिकाभाष्य ।

७४. षोडशादितस्स्वराः ।. तै.प्रा., १.५

७५. अवर्णे वर्णकोवर्णो ऋवर्णो लृत्वमेत्वमैत् ।। ५ ।।
औ दौद्रङ्गौ क्रोमोदेभ्यो स्वरास्स्यु व्यञ्जनोन्यथ ।। ६ ।।

७६. स्वयं राजन्ते नान्येन व्यञ्जनन्त इति स्वराः। ५

७७. एते नवदश वर्णोः स्वर संज्ञा भवन्ति ।।

७८. याज्ञवलक्य शिक्षा का उत्तरार्धारम्भ । ६

७९. अथा तस्तैश्वर्य लक्षणं व्याख्यास्यामः । पू. १-२

८०. स्वरतः कालतः स्था .... । १०

5

कुंतक की वक्रोक्ति विभावना एवं शैलीविज्ञान : एक तुलना

डॉ. अजित ठाकोर

: १ :

सस्यूर ने ऐतिहासिक भाषा विज्ञान (Diachronic Linguistics) और Synchronic Liguistics को सर्वथा पृथक् कर भाषा के अश्मीभूत स्वरूप के स्थान पर वर्तमान जीवंत रचनातंत्र को अभ्यास का विषय बनाया है। इन्होंने भाषा का कोश-व्याकरण-निबद्ध सर्वसाधारण भाषा (Langue) और व्यक्तिगत उच्चरित भाषा (Parore) के बीच रहने वाले code और वास्तविक परिस्थिति में रहने वाले code के विनियोग की रीति को स्पष्ट किया। इनके शिष्य बेली (Bally) ने पेरेल लेंग जिस कारण अलग पड़ता है उसी विचलन और उसके रागात्मक और अभिव्यक्तिगत (Affective and expressing) लक्षणों को स्पष्ट किया। भाषा को व्यवहार के साथ जोड़कर देखने के आग्रह के कारण इन्होंने काव्य-शैली को सहेतुक दूर रखा। किन्तु मार्शल क्रेसोट और उनके अन्य शिष्यों ने बोली के इस अभिगम से अलग होकर साहित्यिक शैली को शैलीविज्ञान के एक महत्त्वपूर्ण कार्यक्षेत्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है। तब से भाषा विज्ञान की पद्धति और उपकरणों से शैलीविज्ञान ने साहित्यिक-कृति की शैलीपरक भाषा संरचना की छानबीन का उद्यम शुरू किया। इससे काव्यालोचन में लक्षित आत्मलक्षिता का स्थान वस्तुपरकता ने ले लिया और साहित्य भाषिक संरचना के रूप में देखा जाने लगा।

भारतीय काव्यशास्त्र में भी भाषालक्षी अभिगम से काव्य को देखने का प्रयास हुआ है। वामन की रीति-विभावना और कुंतक की वक्रोक्ति विभावना "पदरचना" और "उक्ति" को केन्द्र में रखकर काव्य की संरचना का विचार करते हैं। इसमें भी वामन का विचार विशेष वस्तुपरक है।

: २ :

शैली और शैलीविज्ञान विषयक महत्वपूर्ण अवधारणाओं के संन्दर्भ में उसके स्वरूप और कार्य पर पहले विचार किया जाये । शैली की परंपरागत और आधुनिक विभावना के बीच बड़ा भेद देखने को मिलता है । अरस्तू में मिलने वाला शैली का परंपरागत विचार वक्तृत्व-कला के साथ विशेष जुड़ा हुआ है । योग्य शब्द, वाक्य-विन्यास और वाक्अलंकारणों द्वारा ईप्सित प्रभाव उत्पन्न करने का ही शैली का महत्त्वपूर्ण कार्य था। यह विभावना स्पष्टतः (Prescriptive) यानी सूचनात्मक है ।

शैली की इस परंपरागत अवधारणा के सामने भाषा विज्ञान के प्रभाव के कारण शैली की वर्णनात्मक (Discripitive) अवधारणा सामने आई । सर्वप्रथम सस्यूर ने "लेंग" और "पैरेल" के बीच का भेद स्पष्ट किया । "लेंग" शब्द कोष और व्याकरण मान्य सर्वमान्य भाषा है तो "पैरेल" निजी अभिरुचि युक्त उक्ति है । लेंग भाषा का कोड है तो "पैरेल" इस खास परिस्थिति में निरूपित इस कोड का उपयोग है । बेली सस्यूर को विकसित करते हुए शैली विज्ञान को साहित्यिक दृष्टि और आस्वादमूलक संदर्भ में न देखकर उसे प्रस्तुत भाषा के अभिव्यक्ति मूल उपकरणों (The expressive resources) के अभ्यास के रूप में देखते हैं । इन्होंने आधुनिक भाषाविज्ञान को भाषा के भावात्मक तत्वों (The affective elements) के अभ्यास के रूप में व्याख्यायित किया । उनके मत से भाषा का यह भावात्मक तत्त्व रूढ़ अर्थ वैकल्पिक प्रबंधकों (Optional additions) के रूप में ग्रहण किया जाता हैं । बेली लेंग और पैरेल की चर्चा करते हुए भाषा के तार्किक और भावात्मक उपयोग के बीच भेद करते हैं । मान्य भाषा की रचनात्मकता का ढांचा तो जड़ होता है किन्तु यह मानव-उक्ति में परिवर्तित होकर जीवंत बन जाता है । भाषा को जीवंत बनाने वाले तत्व को (deviation) (विचलन) कहा जाता है । बेली ने आगे चलकर भाषा के भावात्मक भावप्रवण (affective) तत्त्व के साथ अभिव्यंजक (expressive) लक्षण को जोड़कर अपनी विचारणा को पूर्णता प्रदान की है । अलबत्ता, उन्होंने शैलीविज्ञान को पेरेल के अभ्यास तक ही मर्यादित करने की इच्छा की । क्योंकि वे शैली को विज्ञान के रूप

में देखते थे और साहित्यिक शैली-अध्ययन विज्ञान की कक्षा तक पहुंचे यह उन्हें असंभव सा लगता था। बेली के शिष्य मार्शल क्रेसेट इसी अवधारणा को साहित्यिक कृति के संदर्भ में प्रायोजित करते हैं। उनके मत के अनुसार साहित्यिक कृति तो प्रत्यय का ही दूसरा नाम है। और सर्जक इसमें जिन रसात्मक तत्वों का निक्षेप करता है वे भावुक के चित्त को प्रबलता से आकृष्ट करने के साधन मात्र हैं।

उन्होंने साहित्यिक-कृति को शैलीविज्ञान का अति उत्कृष्ट क्षेत्र कहा क्योंकि, इसमें पसंदगी सविशेष, ऐच्छिक और सचेत होती है।

शैली के भिन्न-भिन्न संप्रत्ययों की Enkvist ने On Defining Style में अच्छी चर्चा की है। उन्होंने शैली की आठ अवधाराणों का उल्लेख किया है।

१. शैली अस्तित्व और विचार से एकीभूत है।
२. शैली उचित वस्तुओं का अत्यधिक प्रभावशाली कथन है।
३. शैली विचार या अभिव्यक्ति के मर्म को आच्छादित करता हुआ आवरण है।
४. शैली अभिव्यक्त पर के विकल्पों के बीच की पसंदगी है।
५. शैली व्यक्तिगत लक्षणों का गुण है।
६. शैली स्वीकृत रूढि से संपन्न हुआ विचलन है।
७. शैली सामूहिक लक्षणों का गुण है।
८. शैली भाषकीय Entities का ऐसा सम्बन्ध है जो वाक्य से वृहत्तर समग्र पाठ के संदर्भ में वर्णित किया जाता है।

आधुनिक शैलीविज्ञान शैली के पहले दो सम्प्रत्ययों को अधिक महत्व नहीं देता। शेष सम्प्रत्ययों में से Herbert Seidler का यह मत ध्यातव्य है कि शैली टेक्स्ट में भाषीय उपकरणों के द्वारा सिद्ध किया गया निश्चित भावात्मक प्रभाव है। इसी तरह शैली को पसंदगी मानते हुए क्लीन्स ब्रुक्स और रोबर्ट पेन वोरेन शैली को भाषा-चयन और भाषा-विन्यास के रूप में प्रतिपादित करके (Form) के सन्निकट ले जाते हैं। अक्वीस्ट संदर्भगत कान्टेक्सचुअल प्रोबेबिलिटिज पर (जोर देते हुए टेक्स्ट की शैली उसकी भाषकीय वस्तुओं (लिंग्विस्टिक आइटम्स) संदर्भगत संभविताओं का जोड़ है। इस तरह शैली संदर्भ और भाषिक स्वरूप के बीच की कड़ी है। ऐंकिविस्ट शैली अभ्यास

के लिये लिंग्विस्टिक आइटम के वर्गीकरण (Grouping) पर जोर देते हैं। उनके मत से इससे शैली-चिह्नों को अन्य भाषाकीय घटकों से अलग करने में सुगमता होगी। शैलीपरक पसंदगी निष्क्रिय (तटस्थ) घटकों का चयन करती है। इस तरह अशैलीगत पसंदगी संदर्भ की दृष्टि से निरपेक्ष हैं। जबकि शैलीगत पसंदगी संदर्भ-सापेक्ष है। इससे शैली चिह्नों को परखने और उनके कार्य को प्रमाणित करने में सहायता मिलती है। शैलीविज्ञान, शैलीपरक विचलनों को किस तरह परखा जाये, इसकी विस्तृत मीमांसा करता है। वह कृति को भाषा के रूप में देखने का आग्रह करता है। इसीलिए भाषा-संरचना का वर्ण, शब्द, अर्थ, वाक्य और डिसकोर्स (महाकाव्य) के संदर्भ में विशेषण करता है। विश्लेषण के विविध उपकरणों और प्रतिविधियों की सोस्यूर, क्रेसीट , जाफरी, लीच, ऐंक्वीस्ट, जाकोबसन, मुकारोवस्की, टैलीडे आदि भाषाविदों ने विस्तृत मीमांसा की है। भाषा-विश्लेषण में सामान्यतः लयबद्ध संगीतमय पैटर्न, शब्द चयन, शब्द पुनरावर्तन, पदक्रम, रूपक, कल्पन, प्रतीक, वाक्य-विन्यास, वाक्य-श्रेणियों से निबद्ध बृहद् वाक्य का विचार होता है। वह विचलन, समानतरता, विरलता, विपथन, अग्रप्रस्तुति, उदग्रता और शैली-चिह्नों की प्रविधियों से भाषा-संरचना का अध्ययन करता है।

शैली विज्ञान का आग्रह है कि बाह्य -आरोपण किए बिना कृति को यथावत् स्वीकार करना चाहिए। असरकारक शैली-अभ्यास, चुस्त भाषा, वैज्ञानिक अभिगम और आत्मपरक आलोचना के बीच का रास्ता है। केवल भाषाकीय घटकों के सूचियां तैयार करना शैली का अभ्यास नहीं है। बल्कि अभ्यासी का लक्ष्य कृति की भाषा -संरचना में निहित Organic Principle की पहचान स्थापित करना है।

: ३ :

कुंतक के पूर्व वक्रोक्ति काव्य के मूलभूत तत्व के रूप में प्रतिष्ठित रही है। भामह वक्रोक्ति को अलंकारों का मूलाधार मानते हैं। दंडी स्वभावोक्ति और वक्रोक्ति में समग्र वाङ्मय से विभाजित करते हैं। वामन इसको सादृश्यमूल लक्षण से एकीभूत करते हैं। रुद्रट इसको शब्दालंकार मानकर काकु और भंगश्लेष पर निर्भर मानते हैं।

आनन्दवर्द्धन भामहानुसार वक्रोक्ति को सर्वालंकार रूपा मानते हैं। और विषय-औचित्य को इसका नियामक तत्व मानते हैं।

कुंतक के वक्रोक्ति-विचार में निम्नलिखित विशेषाताएं हैं -

१. शब्द और अर्थ अलंकार्य हैं और वक्रोक्ति उनका अंलकार है।

२. काव्य में शब्दार्थ और वक्रोक्ति एकीभूत होकर रहते हैं।

३. वक्रता कवि-व्यापार का फल है।

४. शब्द और अर्थ का सायुज्य परस्पर स्पर्धा करने वाले मित्रों के समान अन्यून और अनतिरिक्त है।

५. काव्य में अनेक पर्यायवाची शब्द होते हुए भी विवक्षित अर्थ का एकमेव बोधक शब्द का चयन अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

६. वक्रता के गुण और अलंकार वैचित्र्य धारण करते हैं।

७. वक्रता का विचार सदैव काव्य बंध के संदर्भ में ही हो सकता है।

८. काव्य मर्मज्ञों का आनंद वक्रोक्ति की कसौटी है।

९. वक्रताहीन नाम और क्रियापदों के सौशब्द्य से काव्य नहीं बनता।

१०. प्रयोजनहीन तार्किक वाक्य, ग्राम्य वाक्य, अवैयाकरणीय पद वाक्य तथा अत्यंत अर्थहीन समासबाहुल्ययुक्त वाक्य काव्य नहीं है।

११. वक्र से आशय है-"शास्त्रादिप्रसिद्ध शब्दार्थोप निबद्ध व्यतिरेकी" अर्थात् "शास्त्रादि में प्रसिद्ध शब्द और अर्थ के उपनिबंधन से भिन्न"। इस तरह वक्रता काव्य भाषा को शास्त्र और लोकभाषा से पृथक् करने वाला तत्व है।

१२. वक्रोक्ति से आशय है-प्रसिद्धाविधान व्यतिरेकी विचित्रैवाभिधा' वैदग्ध्यंविदग्ध भावः, कविकर्मकौशलं तस्य भंगी विच्छित्तिः तया भणितिः। लोक शास्त्र आदि में प्रसिद्ध कथन से भिन्न विचित्र अभिधा। कैसी ? वैदग्ध्यपूर्ण शैली से भरी उक्ति, वैदग्ध्य अर्थात् विदग्धता का भाव अर्थात् कवि-कर्म का कौशल। उसकी भंगी यानी विच्छित्ति-शोभा इसके द्वारा हुई उक्ति।

१३. विचित्र अभिधारूप वक्रोति ही अभिधा को काव्यभाषा में रूपांतरित करती है।

१४. इसीलिये अभिधा पर आधारित स्वाभावोक्ति, अलंकार नहीं है, अलंकार्य है। वह वक्रोक्ति अलंकार से ही काव्य में परिवर्तित हो सकता है।

१५. विचित्र अभिधा शब्द की लक्षणा तथा व्यंजना शक्ति को समाहित कर लेती है।

१६. वक्रोक्ति सुकुमार, विचित्र और मध्यम से इन तीन काव्य-मार्गों से व्यक्त होती है। इन मार्गों का स्वरूप कवि स्वभाव के अनुसार निर्मित होता है। वक्रोक्ति वर्ण- पुनरावर्तन, पद का वैचित्र्य भरा प्रयोग, वाक्यार्थ की भिन्न-भिन्न रचनाएं, प्रकरण का उत्कर्ष और प्रबंध कल्पना में सौंदर्य-इन छः प्रविधियों से रची जाती हैं। इसमें लक्षणयुक्त शब्द-चयन का अधिक महत्त्व होता है।

: ४ :

वक्रोक्ति-विचार और शैली-विज्ञान की तुलना अत्यंत रसप्रद है।

वक्रोति-विचार वक्रोक्ति को काव्य का केन्द्रस्थ तत्व या जीवातुभूत -मानता है। जबकि शैली विज्ञान शैली को काव्य के Organising Principle संघटक-सूत्र के रूप में देख़ता है। वह कृति की भाषा-संरचना में निहित पैटर्न को विश्लेषण के जरिए पृथक् करके बताता है और कृति के सौन्दर्य को समझने की भूमिका रचता है। किन्तु वक्रोक्ति भाषा, मार्ग, संवेदन और वस्तु-स्वभाव को अपने में समाहित रखती है। जबकि शैली-विज्ञान केवल कृति-भाषा में रचित शैलियों का ही भाषा वैज्ञानिक अभिगम से अभ्यास करता है। वक्रोक्ति-विचार कवि-प्रतिभा की काव्य के हेतु के रूप में परख करता है। वह शैव -दर्शन के परिस्पंद रूप सम्प्रत्यय से काव्य निर्मिति के स्वरूप और कवि व्यापार को समझाता है। परन्तु शैलीविज्ञान आत्मपरक मानकर इसकी उपेक्षा करता है। वह काव्य-भाषा की संरचना का व्याकरण और भाषा विज्ञान के उपकरणों एवं पद्धतियों का विनियोग करके विश्लेषण करता है, और काव्य-भाषा के विशिष्ट तत्वों को पृथक् करता है। वक्रोक्ति- विचार से काव्य-सौंदर्य का

पूर्ण रूपेण उद्घाटन होता है, जबकि शैलीविज्ञान काव्य-सौंदर्य को समझने की भूमिका रचना तक ही सीमित है । वक्रोक्ति-विचार वक्रोक्ति को कवि-व्यापार के साथ जोड़ता है, जबकि शैली विज्ञान शैली को कवि-व्यापार के साथ, जोड़ने में रुचि नहीं रखता है । वक्रोक्ति विचार वक्रोक्ति-रहित रचना को अकाव्य और वक्रोक्ति समन्वित रचना को काव्य प्रतिपादित कर काव्य और वक्रोक्ति का अविनाभाव संबंध स्थापित करता है । शैली विज्ञान शैली को काव्य-भाषा की संरचना का एक महत्त्वपूर्ण सूत्र मानता है । फिर भी इसका काव्य के अविनाभावि संबंध पुरस्कृत करने का उत्साह इसके वस्तुलक्षी अभिगम या वस्तुपरक दृष्टिकोण, के कारण बाधित होता है । इस तरह शैली विज्ञान विचार की आत्मपरक रीति है ; जबकि वक्रोक्ति आत्मपरक और वस्तु परक दोनों अभिगमों के बीच में सामंजस्य स्थापित करती है । क्योंकि इसमें उक्ति केन्द्र में है । मगर साथ ही कवि और भावुक की भी वह उपेक्षा नहीं करती है । इस तरह कुंतक रीति और रस विचार की आत्यंतिकाताओं का समाहार करने का अभिगम रखते हैं । वक्रोक्ति -विचार सहृदय के आह्लाद को वक्रोक्ति का मानदंड मानता है । इस आनंद का स्वरूप भी लोकोत्तर होता है । शैलीविज्ञान सहृदय का आह्लाद या इसके स्वरूप को आत्मपरक मानकर उपेक्षा करता है ।

वक्रोक्ति और शैलीविज्ञान के केन्द्र में भाषा है । वक्रोक्ति काव्यबंध में उपस्थित उक्ति को ही महत्व देती है । शैलीविज्ञान भी पाठ में अवस्थित उक्ति को ही अभ्यास का विषय बनाता है । क्योंकि कृति-संदर्भ में ही इसका विश्लेषण साभिप्रायता धारण कर सकता है । वक्रोक्ति-विचार वक्रोक्ति के हेतु (कवि-प्रतिभा), स्वरूप (विचित्र अभिधा), प्रभाव (सहृदयगत आह्लाद), अवस्थिति (काव्यबंध) और फल (चार पुरुषार्थों की प्राप्ति) रूप सर्वांगीण विचार करता है ; जबकि शैलीविज्ञान काव्य भाषा की संरचना का विश्लेषण करके शैलीगत तत्वों का निर्देश करता है और उनके बीच में निहित अंतःसंबंधों को स्पष्ट करता है । वक्रोक्ति विचार और शैली विज्ञान के बीच में मूलभूत अंतर यह है कि वक्रोक्ति-विचार, दर्शन, व्याकरण आदि को काव्यतत्त्व एवं काव्य-व्यापार की व्याख्या करने के लिये

काव्यशास्त्रीय स्वायत्त भूमिका से प्रयोजित करता है । इसीलिये वह दर्शन एवं व्याकरण के संप्रत्ययों को उनके मूलरूप में नहीं पकड़ता । उनको काव्यशास्त्र के संप्रत्ययों में रूपांतरित करता है । शैलीविज्ञान व्याकरण एवं भाषा विज्ञान के अभिगम पद्धति एवं उपकरणों को चुस्ती से पकड़ता है । इसीलिये वह व्याकरण एवं भाषाविज्ञान के अभिगम, पद्धति एवं उपकरणों का काव्यशास्त्र के अभिगम, पद्धति एवं उपकरणों में रूपांतरण सिद्ध करने में असमर्थ रहता है । इसीलिए वक्रोक्ति काव्यशास्त्र है, तो शैलीविज्ञान भाषाविज्ञान और काव्य-विवेचन के सीमावर्ती प्रदेशों में प्रवर्तित स्वतंत्र विज्ञान है ।

वक्रोक्ति एवं शैली विज्ञान की काव्य भाषा के संप्रत्यय की तुलना भी रसप्रद है । कुंतक वक्रोक्ति को शास्त्रभाषा तथा लोकभाषा से व्यतिरेकी भाषा मानते हैं । क्रेसोट भी सोस्यूर-बेली कथित लेंग एवं पैरेल से साहित्यिक भाषा को भिन्न मानते हैं, विशेषतः साहित्यिक भाषा में चयन विशेष ऐच्छिक एवं सचेत होने से पैरेल के मुकाबले साहित्य-भाषा शैली विज्ञान का उत्कृष्ट क्षेत्र है । कुंतक काव्य के शब्द की एकांतिक अर्थ-वाचकता को इसका शास्त्र एवं लोकभाषा के शब्द से व्यावर्त्तक लक्षण मानते हैं "**स शब्दः काव्ये यस्तत्समुचित-समस्त सामग्रीकः । कीदृक् विवक्षितार्थक वाचकः । विवक्षितो योऽसौ वक्तुमिष्टोऽर्थस्तदेक वाचकः, तस्य एकः केवल एव वाचकः ।** " काव्य में शब्द वह है जो काव्य की समुचित सामग्री से युक्त है । कैसी सामग्री ? विवक्षित अर्थ का जो एकमेव वाचक हो । विवक्षित यानी कवि जैसे कहना चाहता हो इसका अद्वितीय वाचक, इसका केवल एकमेव वाचक ।

कुंतक वक्रोक्ति को विचित्र अभिधा कहते हैं । अभिधा में वक्रता के कारण ही वैचित्र्य उभरता है । यह वैचित्र्य अभिधा, लक्षणा और व्यञ्जना को भी समाविष्ट करता है । शैलीविज्ञान मान्य भाषा विचलन और समान्तरता को समाहित करती अग्र प्रस्तुति के कारण ही मान्य भाषा को काव्य भाषा में रूपांतरित होती हुई मानता है । बेली भी विचलन में ही भाषा के affective (भावात्मक) और Expressive (अभिव्यंजक) तत्वों को समाविष्ट करते हैं । कुंतक शुष्क तर्क वाक्य या अलंकार शून्य वस्तुकथन को अलंकार नहीं मानते । आधुनिक

शैली वैज्ञानिकों ने भी वाक्यांगों के अतार्किक संबंध विधान को महत्व दिया है। इस तरह सरल उक्ति के मुकाबले विचलन युक्त उक्ति को वे काव्य की दृष्टि से अधिक महत्व देते हैं। कुंतक स्वभाव कथन मात्र को चमत्कार शून्य अभिधा मानकर स्वभावोक्ति अलंकार को अस्वीकार करते है। स्वभावोक्ति में अभिधा है। पर यह अभिधा जब तक अलंकार द्वारा वक्रता या वैचित्र्य धारण नहीं कर सकें, तब तक काव्योक्ति में रूपांतरित नहीं हो सकती। आधुनिक शैली वैज्ञानिक भी विचलन या समान्तरता से समन्वित उक्ति को ही अभ्यासोचित मानता है। इस तरह कुंतक और आधुनिक भाषावैज्ञानिक शास्त्र भाषा एवं लोकभाषा को अलंकार या अग्र-प्रस्तुति से काव्य भाषा में रूपांतरित करने पर जोर देते हैं। भामह ने भी व्याकरण शुद्ध नाम, क्रिया पद युक्त 'सौशब्द्य' मात्र से युक्त भाषा को काव्य भाषा नहीं माना है। कुंतक भी इसका समर्थन करते हैं।

कुंतक वक्रोक्ति की काव्यबंध में अवस्थिति को अनिवार्य घोषित करते हैं। काव्य बंध अर्थात् "बंधोवाक्य विन्यासः, तत्र व्यवस्थितौ" - इस तरह शब्दार्थ वाक्य-विन्यास में अवस्थित होने चाहिए। यह काव्य की अनिवार्य शर्त है। आधुनिक शैली विज्ञान भी वाक्य या डिसकोर्स (महावाक्य) के संदर्भ में ही वर्ण, पद, अर्थ, वाक्य-विन्यास का विश्लेषण करता है। आधुनिक भाषा विज्ञान का डिसकोर्स का सम्प्रत्यय कुंतक के महावाक्य के सम्प्रत्यय से मिलता जुलता है। कुंतक "मालती-माधव" के "असारं संसारम् " की वाक्य-संरचना के बारे में कहते हैं कि "एतस्मिन्श्लोके महाकाव्यकल्पे वाक्यान्तराण्यवान्तरवाक्यसदृशानि तस्याः सकललोकलोभनीयलावण्यसम्पत्प्रतिपादनपराणि परस्परस्पर्धीन्यतिरमणीयान्युपनिबद्धानि कमपि काव्यस्य छायातिशयं पुष्णन्ति।"

इस महावाक्य सदृश श्लोक में अवांतर वाक्य सदृश अन्य सर्वमान्य मालती की सकल लोक लोभनीय सौन्दर्य-सम्पत्ति का प्रतिपादन करते हुए एक दूसरे के साथ स्पर्धा करते हुए अत्यंत सुंदरता से ग्रथित होकर काव्य का अनिवार्य सौन्दर्य प्रकट करते हैं।

यहां महावाक्य की विभावना के सुस्पष्ट इंगित मिलते हैं, आधुनिक भाषा-विज्ञान में भी वाक्य में जैसे पद, वैसे परिच्छेद या कृति में

वाक्यों को, परस्पर ग्रथित मानते हैं । इसी से कृति-संदर्भ की रचना संभावित होती है । कुतंक वक्ता, प्रसंग, श्रोता, परिस्थिति आदि कृति संदर्भ को वक्रोक्ति के लिये अनिवार्य मानते हैं । आधुनिक भाषा-विज्ञान भी उगृक्त को कृति के संदर्भ में देखता है । कुंतक वक्रोक्ति - रचना के सुकुमार, विचित्र एवं मध्यम-मार्ग की कल्पना करते हैं । यह कल्पना कवि-स्वभाव के साथ जुड़ी हुई है । कवि की सहज प्रतिभा एवं विदग्ध प्रतिभा इसके आधार हैं। आधुनिक भाषा विज्ञान शैली का कवि-स्वभाव के साथ अविनाभावि सम्बंध नहीं मानता । फिर भी शैली में कवि का व्यक्ति तत्व, शब्द-चयन , वाक्य-विन्यास आदि में किसी न किसी तरह प्रतिबिंबित तो जाता है । इस तथ्य की वह उपेक्षा नहीं करता ।

कुतंक वक्रोक्ति की विशद रचना के लिये प्रसाद गुण को अनिवार्य मानते हैं । प्रसाद गुण शब्दार्थ के कोषगत एवं व्याकरणगत अर्थ की समर्पकता है । इससे अभिधा में वक्रता सिद्ध करने की सुरेख भूमिका बनती है । आधुनिक भाषा-विज्ञान एवं संसर्जनात्मक (जेनरेटिव) व्याकरणअर्थ-व्यक्ति को महत्व देते हैं । इसमें विचलन से उत्पन्न विलंबन का भी पुरस्कार है । इससे वाक्य व्याकरणिक-वाक्य में निकलकर अर्धव्याकरणिक वाक्य में परिवर्तित हो सकता है । प्रसाद गुण की योजना भारतीय काव्य-शात्रियों ने आधुनिक व्याकरण शात्रियों के अव्याकरणीय वाक्य से उक्ति को बचाने के लिये की है । क्योंकि विचलन सिद्ध करने के लिए भी व्याकरण के कुछ कोड का पालन करना अनिवार्य हैं । कुंतक की वक्रता एवं आधुनिक शैली विज्ञान की अग्र-प्रस्तुति के बीच का साम्य भी रसप्रद है । वक्रता यानी' रमणीयता, अरुढ़ उक्ति । अग्र-प्रस्तुति यानी कृति के किसी घटक का उभरकर सामने आना । उक्ति और वक्रता के बीच में कुंतक अलंकार्य, अलंकार संबंध मानते हैं । मगर काव्य में वह अपृथक् एवं अविभाज्य रहते हैं । आधुनिक शैली विज्ञान भी लेंग, पैरेल एवं अग्र-प्रस्तुति के बीच में कुछ ऐसा ही सम्बन्ध मानता दिखाई पड़ता है । इसमें लेंग-पैरेल में अग्र-प्रस्तुति का सहेतुक निक्षेप होने से काव्य-भाषा की रचना होती है, ऐसी धारणा है । काव्य-भाषा में भी लेंग-पैरेल और अग्र-प्रस्तुति अपृथक् एवं अविभाज्य रूपेण रहते हैं ।

फिर भी शैली-विज्ञान इसको विश्लेषणात्मक अभिगम से जांचता है । वक्रता वर्ण-पुनरावर्तन , शब्द-चयन, अर्थान्तरण द्वारा उक्ति में अपनी मुद्रा अंकित करके कृति के मर्म को उद्घाटित करती है । नाम की वक्रता, उपसर्ग, निपात की वक्रता एवं विशेषणों के विशिष्ट प्रयोग से उत्पन्न वक्रता का विचार कुंतक ने किया है । आधुनिक शैली विज्ञान में परस्पर विरुद्ध अर्थवाले शब्दों का संयोजन, (Oxymorn), (Jautology), समानार्थक शब्दों का अनावश्यक प्रयोग, Paradox, contradiction., अनावश्यक शब्दाडंबर, (Periphrasis) के माध्यम से अर्थ-रचना की रीतियों के संदर्भ में इसका विचार हुआ है ।

वक्रता-साधक तत्वों में वस्तु का उत्कर्ष बताने वाली उक्ति यों के रूप में व्याजोक्ति, अत्युक्ति, हीनोपमा, व्यतिरेक, प्रतीक जैसे अलंकार प्रयुक्त होते हैं। यहां वाक्यार्थघटना में काकु का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण होता है । आधुनिक शैली विज्ञान भी अत्युक्ति (Hyperbole), व्यंग्योक्ति (Litotes), Irony, हीनोक्ति (Innuendo), प्राश्नितापूर्ण प्रश्न (Rhytorical question) आदि के संदर्भ में इसका विस्तार करता है । इसमें भी Tone वाक्यार्थ के प्रकटीकरण में महत्त्व की भूमिका अदा करता है । संस्कृत भाषा में पदों के साथ लगे हुए प्रत्यय वाक्य के अन्य पदों से संबंध निर्मित करते हैं । इसलिये पद-क्रम भंग से उत्पन्न वक्रता की चर्चा कुंतक नहीं करते हैं । मगर पद-क्रम की अति नियमितता के द्वारा निर्मित-वक्रता यथासंख्य जैसे वाक्यार्थ-मूलक अलंकारों में देखी जा सकती है । कुंतक ने वाक्य-वक्रता में विविध अलंकारों से निर्मित उक्ति- वैचित्र्य को समाविष्ट कर दिया है ।

कुन्तक वक्रता का विचार-प्रकरण एवं प्रबंध के संदर्भ में भी करते हैं । प्रकरण-वक्रता में कोई विशेष प्रसंग का उत्कर्ष शोभा उत्पन्न करता है । इसमें अग्र-प्रस्तुति के लक्षण देखे जा सकते हैं । इसमें प्रकरण के बीच उपकारक प्रभाव में उचित विन्यास, तो ख्यात वस्तु के अंश के शोधन में विचलन, एक ही अर्थ (अवस्था-प्रसंग) की संदर्भोचित योजना में समान्तरता और वस्तु के संधियों में विभाजन में devidaion (विभाजीकरण) के लक्षण दिखाई देते हैं । इसी तरह प्रबंध वक्रता में मूल-कथा के रस-परिवर्तन में विचलन, नवीन गौण- प्रसंग की कल्पना में विपथन तथा एक ही कथानक पर आश्रित प्रबंधों की

रचना में सहेतुक समान्तरता देखी जा सकती है । प्रधान कथा के द्योतक नामकरण में उदग्रता (Prominance) या अग्र-प्रस्तुति का लक्ष्य दिखाई पड़ता है । इसी तरह काव्य-भाषा में वक्रता युक्त शब्द एवं सामान्य शब्द का Keyword (उन्मीलक शब्द) और Theme Word (प्रतिपाद्य शब्द) के रूप में भी विचार किया जा सकता है । इसी तरह शैली में संदर्भगत क्रियाशील घटकों एवं अक्रिया शील घटक क्रमशः वक्र वर्ण, शब्द, वाक्य एवं सामान्य वर्ण शब्द, वाक्य के रूप में देखे जा सकते हैं । एन्कवीस्ट, प्रकल्पित शैलीचिन्हों और काव्य में प्रयोजित भिन्न-भिन्न वक्रताओं की भी तुलना की जा सकती है । क्योंकि शैली चिह्न ऐसे भाषाघटक हैं जो कृतिसंदर्भ से जुड़े होते हैं । जबकि सामान्य भाषा घटक कृतिसंदर्भ से जुड़े नहीं होते । शैली चिन्ह सक्रिय होते हैं, तो सामान्य भाषाघटक न्यूट्रल (तटस्थ) होते हैं । इससे शैली परक पसंदगी एवं अशैलीपरक पसंदगी के बीच भेद किया जा सकता है । कृति में वक्रोक्ति मूलक घटकों एवं सामान्य घटकों का विश्लेषण इस तरह से किया जा सकता है जिससे कृति की अर्थसमृद्धि का मापन भी शायद संभव है । अलबत्ता, आधुनिक शैलीविज्ञान इसके विश्लेषण एवं पैटर्न तक ही सीमित, रह जाता है, जबकि वक्रोक्ति विचार इसका विश्लेषण पैटर्न, काव्यसौंदर्य में इसका योगदान एवं सहृदय के आह्लाद को भी समाविष्ट करता है । इस तरह आधुनिक शैली विज्ञान एवं वक्रोक्ति विचार में अभिगम, कार्यक्षेत्र उपकरण, प्रयोजन के बारे में कुछ अंतर है । फिर भी इन दोनों के बीच में एक साम्य है और वह यह रहस्य प्रकट करता है कि देश, काल, भाषा एवं अभिगम भिन्न होते हुए भी काव्य की बहुत सी मूलभूत विभावनाओं के बहुत से बिन्दु कहीं न कहीं संयुत हो ही जाते हैं । और ये ही सब भाषा साहित्य के मूल में निहित एक Universal Poetics के सामान्य कोड की ओर संकेत करते हैं । शैलीविज्ञान की परिभाषा में जो काव्य शास्त्र का लेंग रूप है और उससे किसी एक भाषा का पैरेल रूप काव्यशास्त्र उद्भावित होता है ।

6

आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र में शब्दार्थ-विचार

डॉ. आनन्द कुमार श्रीवास्तव

आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र से तात्पर्य पण्डितराजोत्तर संस्कृत काव्यशास्त्र से है। जिस प्रकार भरतमुनि से लेकर पण्डित राज जगन्नाथ तक संस्कृत काव्यशास्त्र की अविच्छिन्न परम्परा दिखायी देती है उसी प्रकार पण्डित राज के पश्चात् भी प्रायः सम्पूर्ण देश में लगभग दो सौ आचार्यों ने काव्यशास्त्रीय मौलिक ग्रन्थों अथवा टीका ग्रन्थों की रचना की, किन्तु संस्कृत काव्यशास्त्र के क्षेत्र में पण्डितराज जगन्नाथ को अन्तिम मूर्धन्य आचार्य स्वीकार कर लिये जाने के कारण उत्तरवर्त्ती काव्यशास्त्र का समुचित मूल्यांकन नहीं हुआ। और वह अद्यावधि अपरिचय के घनान्धकार से आच्छादित है।

वस्तुतः आधुनिककालीन प्रायः सभी आचार्य पूर्ववर्ती आचार्यों की तुलना में अल्पप्रसिद्ध अथवा अप्रसिद्ध ही प्रतीत होते हैं किन्तु कुछ आचार्य जैसे विश्वेश्वर पण्डित, अच्युतराय, मोडक, आशाधर भट्ट, नरसिंह कवि, अभिनव कालिदास, राज चूडामणि दीक्षित, भट्ट देव शङ्कर 'पुरोहित', हरिदास सिद्धान्तवागीश, श्रीकृष्ण कवि, नागेश भट्ट, रेवा प्रसाद द्विवेदी, ब्रह्मानन्द शर्मा आदि आधुनिक युग के सम्मान्य प्रतिनिधिभूत आचार्य हैं। इन आचार्यों ने काव्यशास्त्रीय तत्त्वों पर मौलिक चिन्तन प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

जहां तक संस्कृत काव्यशास्त्र में भाषाविषयक चिन्तन का प्रश्न है, यह विषय सर्वप्रथम व्याकरण की परिधि में ही आता है किन्तु वहां उसका क्षेत्र सीमित है और प्रायः शब्द के साधुत्व-असाधुत्व पर ही वैयाकरणों की दृष्टि होती है। उसके आगे वैयाकरणों ने विचार किया भी तो उनका ध्यान मात्र शब्द और उसके प्राथमिक अर्थ पर ही केन्द्रित रहा और उसी को लक्ष्य कर शब्द-शक्ति इत्यादि की कल्पना की गयी। व्याकरण शास्त्र के अतिरिक्त न्याय, मीमांसा एवं बौद्ध दर्शनों में भी शब्दार्थ सम्बन्धी चिन्तन हुआ किन्तु इसका जैसा

विस्तार एवं स्वरूप प्रतिपादन काव्यशास्त्र में हुआ वह अन्यत्र दृष्टिगत नहीं होता ।

शब्दार्थ-विवेचन संस्कृत काव्यशास्त्र का अभिन्न अङ्ग है । प्रायः काव्यशास्त्र परम्परा में शब्द-अर्थ पर गम्भीरतापूर्वक एवं सविस्तार विचार किया गया है । वस्तुतः काव्य की समीक्षा करने वाले शास्त्र में शब्द-अर्थ पर सम्यक् विचार करना उपादेय एवं उचित भी है क्योंकि काव्य तो शब्दार्थरूप ही होता है । अतएव काव्यार्थज्ञान के लिये शब्दार्थ-विचार अत्यावश्यक है, क्योंकि शब्दार्थ-स्वरूप, शब्दार्थ-भेद, एवं शाब्दबोध प्रक्रिया के ज्ञान के अभाव में काव्यानन्द की प्राप्ति असम्भव है ।

अर्वाचीन संस्कृत काव्यशास्त्रियों ने भी उपर्युक्त परम्परा का निर्वाह किया है । कुछेक आचार्य अन्य काव्यशास्त्रीय तत्वों के साथ-साथ शब्दार्थ पर भी विचार करते हैं तो कुछ आचार्य एतद्विषयक स्वतंत्र ग्रन्थ की रचना करते हैं । इस सन्दर्भ में मौनी श्रीकृष्ण भट्ट (१७ वीं शताब्दी) रचित वृत्तिदीपिका तथा आशाधर भट्ट (१८ वीं शताब्दी) रचित **कोविदानन्द** एवं त्रिवेणिका उल्लेखनीय है । जिनमें त्रिबिध शब्द, अर्थ एवं वृत्ति का स्वतन्त्र रूप से निरूपण किया गया है । गोकुल नाथ उपाध्याय (१७ वीं शती) ने भी शब्द-शक्ति विषयक स्वतन्त्र ग्रन्थ **रसमहार्णव** की रचना की किन्तु उसमें मात्र लक्षणा वृत्ति का ही विवेचन है । इनके अतिरिक्त प्रायः सभी आचार्यों ने अपने ग्रन्थों में शब्दार्थ-विवेचन पर पर्याप्त प्रकाश डाला है ।

भारतीय आस्तिक दर्शन में शब्द को प्रमाण (प्रमाकरण) माना गया है । आचार्य आशाधर भट्ट ने प्रमाकरण रूप में शब्द की तुलना शत्रुनाश क्रिया करणरूप बाण से की है । जिस प्रकार बाणादि शत्रुनाशकक्रिया के प्रति करण होते हैं और सदा व्यापार से युक्त होते हैं उसी प्रकार शब्द भी प्रमा का करण है और अपने अर्थ को प्रकट करने के कारण व्यापार युक्त होता है । जिस प्रकार बाण अपने लक्ष्य पर ही गिरते हैं उसी प्रकार शास्त्रादि संकेतों से युक्त होकर शब्द भी तत्काल अर्थ (लक्ष्य) का बोध कराते हैं । जिस प्रकार बाण में व्यापार के अतिरिक्त भेदन-योग्यता होती है उसी प्रकार शब्द में भी वाच्यार्थ के बोधन की योग्यता कराने वाला संकेत होता है जो व्यापार से भिन्न होता है ।

जिस प्रकार सम्मुख स्थित लक्ष्यों के भेदन में ही बाण समर्थ होते हैं उसी प्रकार ज्ञात शब्दार्थ ही अर्थ-बोधन में समर्थ होते हैं।[१]

शाब्दबोधप्रक्रिया में संकेत-ज्ञान अपरिहार्य तत्व है। यह संकेत शब्द में रहता है और इसका ज्ञान होने पर ही शब्द द्वारा अर्थ का बोध होता है। संकेत ही अर्थविषयक पुरुष के अज्ञान को दूरकर उसमें ज्ञातृत्व उत्पन्न करता है। पूर्वाचार्यों की भाँति आधुनिकयुगीन आचार्यों में भी संकेत के स्वरूप के विषय में मतभेद है। कुछ आचार्य ईश्वरेच्छा को संकेत मानते हैं तो कुछ आचार्य आप्ताभिप्राय को। भूदेव शुक्ल (१७ वीं शती) एवं मौनीश्रीकृष्ण भट्ट ईश्वरेच्छा को संकेत स्वीकार करते हैं [२] जबकि आशाधर भट्ट, राज चूडामणि दीक्षित, (१७ वीं. शती) प्रभृति आचार्य आप्ताभिप्राय को संकेत स्वीकार करते हैं।[३] राज चूडामणि दीक्षित का मत है कि मात्र ईश्वर के अभिप्राय को ही संकेत माना जायेगा, तो यदृच्छा शब्दों में अव्याप्ति हो जायेगी।

आशाधर भट्ट के अनुसार संकेत दो प्रकार का होता है-ईश्वरकृत और सुधीकृत। साधु (यौगिक) शब्दों में ईश्वरकृत सकेत होता है जिसका बोध शास्त्र के द्वारा हुआ करता है, और असाधु (रुढ़ि) शब्दों में सुधीकृत संकेत रहता है जिसका बोध व्यवहारादि से होता है।[४] आचार्य रेवा प्रसाद द्विवेदी संकेत को शब्द-ज्ञान और अर्थ-ज्ञान के बीच रहने वाली ग्रन्थि मानते हैं। जो ज्ञान-मात्र में रहती है, शब्दार्थ - शरीर में नहीं।[५] उनका मत है कि शब्द में कोई शक्ति नहीं शक्ति तो ज्ञान में है। इस प्रकार अभिधा शक्ति का आश्रय शब्दार्थ-ज्ञान है। लक्षणा, व्यञ्जना और तात्पर्य शक्तियों का आश्रय भी वाक्य-विन्यास का ज्ञान है। वस्तुतः चारों शब्द शक्तियां ज्ञानात्मक हैं, शब्दात्मक नहीं। इसीलिये शब्दशक्ति के स्थान पर ज्ञान-शक्ति पद का प्रयोग अधिक उचित है।

आचार्य द्विवेदी का मत है कि यदि हम यह स्वीकार करते हैं कि शब्द अपनी शक्ति के द्वारा अर्थ-ज्ञान उत्पन्न करता है तो कारण-सिद्धांत (कारण अपने ही अधिकरण में कार्य उत्पन्न करता है) का विरोध होता है। शब्द तो आकाश में रहता है और ज्ञान आत्मा (अथवा चित्त) में। अधिकरण भिन्न है। शब्द से अर्थ-शरीर उत्पन्न नहीं होता अपितु अर्थ-ज्ञान मात्र उत्पन्न होता है। शब्द-शरीर के साथ अर्थ-ज्ञान

का कार्यकारणभाव स्वीकार नहीं किया जा सकता । अतः शब्दज्ञान के साथ अर्थज्ञान का कार्यकारणभाव होना चाहिये । इस प्रकार शब्दज्ञान ही शब्द-शक्ति का अधिकरण है । शब्द की उपस्थिति मात्र से अर्थ-ज्ञान उत्पन्न नहीं हो सकता, जब तक कि शब्द ज्ञान न हो । अतः शब्दज्ञान में शक्ति रहती है , शब्द -शरीर में नहीं ज्ञान तो अर्थ होता है इसलिये शक्ति अर्थनिष्ठ ही है ।[६]

पूर्व आचार्य सङ्केतग्रह के प्रायः आठ उपाय स्वीकार करते हैं - व्याकरण, उपमान, कोश, आप्तवाक्य, व्यवहार, वाक्यशेष, विवृति (व्याख्या) और सिद्ध पद (ज्ञातपद) की सन्निधि । किन्तु आशाधर भट्ट ने इनके अतिरित निरुक्त नामक नवां सङ्केतग्राहक स्वीकार किया है ।[७] प्राचीन आचार्यों ने निरुक्त को आप्तवाक्य (मुनिवाक्) मानकर उसकी पृथक् गणना नहीं की है। आचार्य ने निरुक्त के उदाहरण के रूप में 'उमा ' पद उद्धृत किया है । निर्वाचन के अनुसार 'उ' शब्द सम्बोधनार्थक है और 'मा' शब्द निषेधार्थक है । चूंकि मेनका ने सम्बोधनपूर्वक उसे तप करने के लिये मना किया था इसलिये उसका नाम 'उमा' पड़ा ।

प्राचीन आचार्यों की भांति अर्वाचीन आचार्य भी शब्द के तीन भेद-वाचक, लक्षक और व्यञ्जक तथा अर्थ के तीन भेद-वाच्य, लक्ष्य और व्यङ्ग्य स्वीकार करते हैं । तथा इन तीनों के स्वरूप के सम्बन्ध में भी वे प्राच्य आचार्यों से पूर्णतः सहमत दिखायी देते हैं । आशाधर भट्ट वाच्य, लक्ष्य और व्यंग्य को क्रमशः चारु, चारुतर और चारुतम कहते हैं ।[९] उनका कहना है कि इनका प्रयोग क्रमशः सरल व्यक्ति, चतुर व्यक्ति तथा नर्म वचनों के मर्मज्ञ कवि एवं सहृदय किया करते हैं ।[१०] अच्युत राय ने शक्ति, लक्षणा और व्यञ्जना की उपमा क्रमशः मुग्धा, मध्या और प्रगल्भा से दी है ।[११] आशाधर भट्ट इनकी उपमा गंगा, यमुना और सरस्वती से देते हैं ।[१२] जिस प्रकार विशुद्ध निर्मल गङ्गा में यमुना एवं सरस्वती मिलती हैं अर्थात् गङ्गा दोनों का आश्रय हैं उसी प्रकार अभिधा वृत्ति लक्षणा व व्यञ्जना का आश्रय है । जिस प्रकार यमुना नील जलवाली एवं गंगाश्रित है उसी प्रकार विलम्ब से अर्थप्रतीति कराने के कारण लक्षणा मलिना है । जिस प्रकार संगम में सरस्वती अत्यन्त गूढ हैं और योगियों के अतिरिक्त अन्यों के द्वारा

दर्शनीय नहीं है । किन्तु शास्त्रप्रमाण से उसके विषय में कोई सन्देह नहीं है उसी प्रकार व्यंग्यार्थ भी अत्यन्त रहस्यभूत है । और सहृदयों के द्वारा ही प्रतीतियोग्य है तथा उसके विषय में आलंकारिकों में थोड़ा भी सन्देह नहीं है ।

नरसिहं कवि (१८ वीं शती) वाचक शब्द के दो भेद करते हैं- रूढ़ और योग ।[१३] राज चूडामणि दीक्षित, आशाधर भट्ट, अच्युत राय (१९वी. शती) एवं छज्जू रामशास्त्री 'विद्यासागर (२० वीं.शती) प्रभृति आचार्य इन दो भेदों के अतिरिक्त योगरुढ़ नामक तीसरा भेद भी स्वीकार करते हैं । श्रीकृष्ण शर्मन् (१९वी.शती) एवं विश्वेश्वर पण्डित (१८ वीं. शती) प्रभृति आचार्य यौगिकरूढिक नामक चौथे भेद की ओर भी संकेत करते हैं ।

मौनी श्रीकृष्ण भट्ट पूर्वाचार्यों द्वारा प्रदत्त रुढ पद का उदाहरण 'गो' को उपयुक्त नहीं मानते । उनका कहना है कि **'गच्छति इति गौः'** यह व्युत्पत्ति सम्भव होने के कारण केवल रूढ का अभाव होने से **'गमनक र्तृत्व विशिष्ट गोत्व'** में शक्ति है, यह माना जा सकता है ।[१४] इसी प्रकार आशधर भट्ट लक्षणा के प्रसिद्ध उदाहरण **'गङ्गायां घोषः'** को 'घोष' शब्द के अनेकार्थक होने के कारण सन्दिग्ध उदाहरण मानते हैं ।[१५] उनके अनुसार लक्षणा का स्पष्ट उदाहरण **'ओङ्कारलिङ्ग रेवायाम्'** है । रेवा नदी अर्थात् जलप्रवाह में ज्योतिर्लिङ्ग की स्थापना सम्भव नहीं है अतः जलप्रवाहरूप मुख्यार्थ का बाध हो जाता है । प्रवाह एवं तट में संयोग सम्बन्ध होने के कारण रेवा पद से तट अर्थ की प्रतीति होगी ।

व्यञ्जक शब्द तथा व्यंग्य अर्थ के सम्बन्ध में अर्वाचीन संस्कृत काव्यशास्त्र में कोई नयी उद्भावना दृष्टिगत नहीं होती । उपर्युक्त विवेचन से यह स्पष्ट है कि आधुनिक संस्कृत काव्यशास्त्र में शब्दार्थविषयक चिन्तन में मौलिकता का सर्वथा अभाव-सा है । फिर भी आचार्यों की प्रस्तुति एवं शब्दावली मूलतः भिन्न है और आचार्यों ने शब्द-अर्थ के पारम्परिक उदाहरण न देकर नये उदाहरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया है ।

पाद टिप्पणी

१. प्रमाणत्वेन शब्दानां करणत्वं शरादिवत् ।
तेन व्यापारयुक्तत्वं नियतं स्वार्थसाधने ।।
शास्त्रादेर्ज्ञातसंकेता लक्ष्यलक्षाः शरा इव ।
सद्योऽर्थकारिणः शब्दास्तेन तस्यापि हेतुता ।।
